*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
26 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 186










## गांडेय विस उपचुनाव : झामुमो ने की प्रत्याशी की घोषणा

# कल्पना को टिकट

## जमशेदपुर से समीर मोहंती को बनाया प्रत्याशी

- झामुमो ने तीसरी और अंतिम सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी और अंतिम सूची जारी कर दी। इसके साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी। पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में कुल 14 सीटों में इंडी गठबंधन के तहत पांच सीटें झामुमो के खाते में आयी हैं। सात सीटें कांग्रेस को और राजद और भाकपा (माले) को एक-एक सीट मिली है। इंडी गठबंधन के दलों ने सभी 14 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

**दिसंबर में खाली हुई थी गांडेय सीट :** गांडेय विधानसभा से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने 30 दिसंबर को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से कल्पना सोरेन के यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तथाकथित भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद कल्पना राजनीति में सक्रिय रूप में आयीं। इसके बाद से वह लगातार सभा और कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं। पिछले दिनों वह गांडेय विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिली थीं। हाल में रांची में पार्टी द्वारा आयोजित उलगुलान रैली का उन्होंने सफलतापूर्वक आयोजन किया।

**29 अप्रैल को करेंगी नामांकन :** कल्पना के नाम की घोषणा के साथ-साथ झामुमो ने गांडेय क्षेत्र में तैयारी शुरू कर दी है। गिरिडीह में गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। उन्हें बताया गया कि कल्पना 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। वहां, 20 मई को मतदान होना है और परिणाम लोकसभा के साथ 4 जून को आयेगा। नामंकन के लिए कल्पना 28 अप्रैल को गिरिडीह पहुंचेंगी। नामांकन के बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा।



### बहरागोड़ा से विधायक हैं समीर मोहंती

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा से समीर मोहंती को टिकट दिया है। समीर बहरागोड़ा से विधायक हैं। उन्होंने अपना राजनीतिक करियर झामुमो से शुरू किया था। बीच में वह झाविमो और भाजपा में शामिल हो गये थे। बाद में फिर झामुमो वापस लौट गये। 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बहरागोड़ा से जीत हासिल की थी। अब पार्टी ने उन्हें जमशेदपुर से लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के साथ है।

# लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया नामांकन

- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत गठबंधन के नेता हुए शामिल

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सुखदेव भगत ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। वह भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस की शक्ल में गुमला शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे और पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम सहित इंडी गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें इंडी गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की गयी।

### केवल जुमलेबाजी कर रहे हैं पीएम : चंपाई

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों और यहां के निवासियों के लिए हमने मोदी वाली केंद्र सरकार से पीएम आवास मांगा था, मगर आज वोट लेने के लिए खुद को आदिवासियों का हितैषी बताने वाली सरकार ने यहां के लोगों को आवास नहीं दिया। तब हमने अबुआ आवास योजना चला कर गरीबों-आदिवासियों के सरों पर छत देने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री केवल जुमलेबाजी कर रहे हैं। देश और झारखंड की जनता के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी नहीं हारी, तो भाजपा आदिवासियों की जमीन लूट लेगी और उन्हें जंगलों और कोयला वाले क्षेत्रों से उखाड़ फेंकेगी। केंद्र की भाजपा सरकार ने आदिवासी अधिकारों की रक्षा करने वाले विभिन्न कानूनों में संशोधन करने का प्रयास किया। राज्य में गठबंधन सरकार ऐसे प्रयासों का विरोध करेगी। चंपाई ने कहा कि कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा की रणनीति को समझ गये हैं। इसलिए उन्हें जमीन के मामले मे उलझा कर जेल में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री के अलावा गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, भूषण तिर्की सहित अन्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया।



### चमरा भाजपा की कठपुतली : सुखदेव

सुखदेव भगत ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा भाजपा और आरएसएस की कठपुतली हैं। उनके मैदान में आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यह एकतरफा मुकाबला है। सीट महागठबंधन के खाते में जा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की यह लड़ाई पसीने और पैसे की जंग है। इसलिए भाजपा चुनाव में रुपये और महागठबंधन अपना पसीना बहा रही है। यह चुनाव महागठबंधन के लिए लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है।

## चतरा के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण आज करेंगे नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा में एनडीए के प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा समेत अन्य नेतागण मौजूद रहेंगे। नामंकन के बाद बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

नालको NALCO
National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)
Nalco Bhawan, P/1, Nayapalli
Bhubaneswar-751013, Odisha, India
CIN : L27203OR1981GOI000920
A NAVRATNA COMPANY
EOI FOR COMMERCIALIZATION OF R&D PROCESSES DEVELOPED BY NALCO
Notice No: NBC/R&D/COM-3/2024 Date:12.04.2024
NALCO invites Expression of Interest from interested parties including startups, for possible commercialization of various processes/projects developed by NALCO through Research and Development, either In-House or in association with a Collaborator. For details please visit website www.nalcoindia.com
Group General Manager (R&D)

# चैम्प स्क्वॉयर के बच्चों ने झारखंड का नाम पूरे भारत में गौरवान्वित किया

## ■ आयुषि ने ऑल इंडिया रैंक 776 लाकर चैम्प स्क्वॉर और राजधानी रांची को गौरवान्वित किया | ■ कुल 362 विद्यार्थियों ने जेइइ मेन परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया, निदेशकों ने दी बधाई

- पूरे भारत में सिर्फ 56 बच्चों को 100 परसेटाइल आया है, इसमें से प्रियांश प्रांजल भी एक है।

- मनीष आनंद, मनीष सिन्हा, गौरव कुमार, विकास गुप्ता, नारायण विशाल, मुरलीधर और बीरेंद्र कुमार ने कहा : छात्रों ने गौरव बढ़ाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 25 अप्रैल गुरुवार को जेइइ मेन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैम्प स्क्वॉयर के छात्र छात्राओं ने इस परीक्षा में अप्रतीम सफलता अर्जित की। एक ऐतिहासिक रिजल्ट देते हुए चैम्प स्क्वॉयर के विद्यार्थी प्रियांश प्राजल ने 100 प्रतिशत परसेंटाइल लाकर झारखंड में इतिहास रखा। पूरे भारत में सिर्फ 56 बच्चों को 100 परसेटाईल आया है, इसमें से प्रांजल भी एक है। उनका ऑल इंडिया रैंक 30 आया है, जो कि एक माइल स्टोन है।

छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। चैम्प स्क्वॉयर की आयुषि ने ऑल इंडिया रैंक 776 लाकर चैम्प स्क्वॉर और राजधानी रांची को गौरवान्वित किया।

कुल 362 विद्यार्थियों ने जेइइ मेन परीक्षा, 2024 में शानदार प्रदर्शन अर्जित किये। इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों एवं चैम्प स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैम्प स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उनका कहना है कि चैम्प स्क्वॉयर ने उनका सर्वांगीण विकास किया है। यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा। बच्चों का उत्साह अप्रतीम था। वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे। इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। अब उनका लक्ष्य जेइइ मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है।

पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है, उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओ मे सफलता का प्रतिशत 95 रहा है।

चैम्प स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण (डाउट सॉल्विन) हेतु नियमित रूप में सुबह 10 बजे से रात के 8:30 बजे तक भौतिक शास्त्र (फिजिक्स) रसायन शास्त्र (कैमिस्ट्री) एवं गणित (मैथमेटिक्स) के शिक्षक उपलब्ध रहते है जिनसे किसी भी वर्ग (बैच) के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते है।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैम्प स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमे सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षको का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैम्प स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आई आइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है।

संस्थान के सभी निदेशकों मनीष आनंद, मनीष सिन्हा, गौरव कुमार, विकास गुप्ता, नारायण विशाल, मुरलीधर और बीरेंद्र कुमार ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैम्प स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है।

सभी निदेशकों ने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैम्प स्क्वॉयर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखाई और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम अशा जनक रहा।

# हेमंत की गैर-मौजूदगी में छिटकने लगे हैं झामुमो के नेता

## ■ पार्टी को पहली बार बड़े पैमाने पर झेलनी पड़ रही है परेशानी

## ■ लोबिन हेंब्रम, चमरा लिंडा और बसंत लोंगा की उम्मीदवारी से पार्टी पसोपेश में

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इन दिनों बेहद पसोपेश में है। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को पहली बार इतने बड़े पैमाने पर अपने विधायकों, पूर्व विधायकों और नेताओं की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि पार्टी के एक विधायक ने लोहरदगा संसदीय सीट से निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है, तो एक अन्य विधायक ने राजमहल सीट से नामांकन दाखिल करने की घोषणा कर दी है। पार्टी के एक बड़े नेता ने कोडरमा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने का फैसला किया है, तो पार्टी के एक पूर्व विधायक ने खूंटी सीट से बतौर निर्दलीय नामांकन कर दिया है। यह सब उस पार्टी में हो रहा है, जहां शिबू सोरेन का नाम ही काफी था और हेमंत सोरेन के सामने भले ही कोई कुछ भी बोल ले, पार्टी के खिलाफ बोलने से परहेज करता था। पार्टी के संस्थापक शिबू सोरेन के फैसलों का विरोध आज तक झामुमो में किसी ने नहीं किया और यही कारण है कि स्थापना के 52 साल बाद भी झामुमो झारखंड में वही राजनीतिक ताकत बना हुआ है। गुरुजी की अस्वस्थता और हेमंत सोरेन के पास पार्टी की जिम्मेदारी आने के बाद झामुमो में बहुत कुछ बदला, लेकिन फिर भी बगावत जैसी बात कभी नहीं हुई। अब हेमंत सोरेन परिदृश्य में नहीं हैं, तो ऐसा लगता है कि झामुमो नेतृत्व पूरी तरह ढीला पड़ गया है। उसके पास न बागियों को मनाने के लिए कोई रणनीति है और न ही पकड़। ऐसे में झारखंड की इस सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी के सामने विकट स्थिति पैदा हो गयी है। क्या है झामुमो के भीतर की स्थिति और क्यों इतना ढीला पड़ गया है पार्टी नेतृत्व, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।



राकेश सिंह

**झारखंड** में लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी देश के बाकी हिस्सों की तरह ही लगातार जारी है। इस गहमा-गहमी के बीच एक बड़ा राजनीतिक सवाल झारखंड के लोगों के दिमाग में रह-रह कर कौंध रहा है कि आखिर राज्य की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर से मनमानी के स्वर इतने बड़े पैमाने पर कैसे और क्यों सुनाई देने लगे हैं। झामुमो झारखंड की ऐसी क्षेत्रीय पार्टी है, जिसने पिछले पांच दशक से भी अधिक समय से यहां की राजनीति की नुमाइंदगी की है, राज्य पर शासन भी किया है और विपक्ष की भूमिका भी शिद्दत से निभायी है।

आसन्न लोकसभा चुनाव में झामुमो में अचानक से बड़े पैमाने पर बगावत होने लगी है। पहले पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने परिवार और पार्टी से बगावत कर भाजपा का झंडा थाम लिया और अब दुमका से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। इसके बाद विशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा ने पार्टी के फैसले से बगावत कर लोहरदगा संसदीय सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इसी तरह पार्टी के पूर्व विधायक बसंत लोंगा भी खूंटी सीट से बतौर निर्दलीय नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन दाखिल करनेवालों की कतार में अगला नाम जयप्रकाश वर्मा का है, जो कोडरमा संसदीय सीट से निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं। इसके बाद बोरियो से पार्टी के विधायक लोबिन हेंब्रम भी बागी बने हुए हैं और राजमहल सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं।

### पहली बार इतने सारे बागी

झामुमो के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब उसके भीतर से इतने सारे बागी एक साथ सामने आ गये हैं। सीता सोरेन पारिवारिक और राजनीतिक कारणों से परिवार और पार्टी से अलग हो गयीं, उनका आरोप है कि उन्हें दोनों ही जगह उपेक्षित किया जा रहा था। लोबिन हेंब्रम भी पिछले कुछ अरसे से अपनी ही सरकार के खिलाफ लगातार स्टैंड ले रहे थे।



विधानसभा में तो उन्होंने धरना तक दिया था। चमरा लिंडा भी पिछले कुछ दिनों से पार्टी से असंतुष्ट चल रहे थे और लोहरदगा सीट कांग्रेस को दिये जाने के खिलाफ थे। इसी तरह जयप्रकाश वर्मा भी कोडरमा सीट भाकपा-माले को दिये जाने के खिलाफ हैं। बसंत लोंगा भी खूंटी सीट पर झामुमो का स्वाभाविक दावा बताते हुए अब निर्दलीय बन गये हैं।

### क्यों हो रही है बगावत

झामुमो के भीतर इतने बड़े पैमाने पर हो रही बगावत दरअसल पार्टी नेतृत्व की कमजोरी का प्रमाण है। पार्टी के सबसे सम्मानित नेता शिबू सोरेन अस्वस्थता की वजह से सक्रिय नहीं हैं। उधर उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन विभिन्न आरोपों में जेल में बंद हैं। पार्टी की कमान फिलहाल उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के हाथों में है। इसमें कल्पना सोरेन राजनीति के मैदान में नयी हैं और उन्हें सियासी दांव-पेंच का उतना अनुभव नहीं है। चंपाई सोरेन झामुमो के पुराने और कद्दावर नेता हैं, लेकिन संगठन पर अभी उनका उतना प्रभाव नहीं बन पाया है। ऐसी स्थिति में पार्टी का नेतृत्व एक वैक्यूम से गुजर रहा है, जिसका परिणाम बगावत के रूप में सामने आ रहा है।

### बेहद रोमांचक है झामुमो का इतिहास

बहुत कम लोगों को यह पता होगा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम 1971 में बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़नेवाली मुक्ति वाहिनी की तर्ज पर रखा गया था। वह दौर संथाल परगना में सूदखोरों और महाजनों के खिलाफ चल रहे जनांदोलन का था। इसके नायक शिबू सोरेन थे। तब अलग झारखंड राज्य की मांग झारखंड पार्टी कर रही थी। शिबू सोरेन ने 1967 में बिहार प्रोग्रेसिव हूल झारखंड पार्टी बनायी, लेकिन अलग झारखंड राज्य के लिए उनका संघर्ष 2 फरवरी, 1972 को उस समय शुरू हुआ, जब विनोद बिहारी महतो और एके राय के साथ मिल कर उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींव रखी। साथ में थे निर्मल महतो और टेकलाल महतो।

झामुमो का घोषित लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ झारखंड और यहां के आदिवासियों की मुक्ति है। झामुमो जब अस्तित्व में आया, तब इसे संथालों की पार्टी कहा जाता था, लेकिन समय के साथ इसने खुद को सभी आदिवासी जनजातियों का प्रतिनिधि बना लिया। झामुमो और खास कर शिबू सोरेन हमेशा झारखंड के निर्विवाद नेता रहे। इसलिए वह राष्ट्रीय पार्टियों की आंख की किरकिरी बने रहे। कांग्रेस और भाजपा ने हमेशा झामुमो को अपने हितों को साधने के लिए इस्तेमाल किया। सहयोगियों का अलगाव, बढ़ती उम्र और बड़े बेटे दुर्गा सोरेन के असामयिक निधन ने गुरुजी को भीतर से कमजोर कर दिया, लेकिन वह परिस्थितियों से जूझते रहे। अंततः उन्होंने अपने दूसरे पुत्र हेमंत सोरेन को अपना उत्तराधिकारी बनाया, जिन्होंने झामुमो को नयी ऊंचाइयां दीं। पार्टी झारखंड में लगातार मजबूत होती गयी और हेमंत के नेतृत्व में पहली बार इसने कांग्रेस और राजद के साथ मिल कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। करीब चार साल तक सरकार चलाने के बाद हेमंत सोरेन कई आरोपों में घिरते गये और अंततः उन्हें गिरफ्तार होना पड़ा। लेकिन इससे झामुमो का तेवर नरम नहीं पड़ा।

### पकड़ ढीली पड़ गयी है नेतृत्व की

झामुमो की गतिविधियों पर नजर रखनेवालों का कहना है कि दरअसल हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद पार्टी पर से नेतृत्व की पकड़ ढीली पड़ गयी है। पहले शिबू सोरेन और बाद में हेमंत सोरेन ने पार्टी को परिवार की तरह चलाया। झामुमो के किसी नेता या कार्यकर्ता को गुरुजी या हेमंत से मिलने के लिए समय लेने की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गयी हैं। नेताओं का यह कनेक्ट कहीं खो गया है। कार्यकर्ता यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि वे किससे कनेक्ट हों। अब इसका कारण राजनीतिक महत्वाकांक्षा है या कुछ और, यह तो साफ नहीं है, लेकिन एक बात तय है कि झामुमो का कार्यकर्ता यह तय नहीं कर पा रहा है कि वह अपनी बात किसके पास पहुंचाये। इसका पार्टी की सेहत पर असर पड़ रहा है।

---

# आपके हितों की रक्षा के लिए मोदी 56 इंच का सीना तान कर खड़ा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन गुरुवार को मध्यप्रदेश आये। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों, क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आये हैं। पीएम ने कहा कि देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाये तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है, तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है, तो 10 तोपें चलनीं चाहिए।

**कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी :** आगरा के बाद बरेली जिले की आंवला लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और सपा को आड़े हाथ लिया। राम मंदिर का मुद्दा छेड़ते हुए पीएम मोदी ने कहा, सपा-कांग्रेस वाले मजाक बनाते थे, मंदिर वहीं



बनायेंगे, तारीख नहीं बतायेंगे। मुझे गाली देते थे। मैं सब सुनता था। मंदिर भी बनाया, प्राण-प्रतिष्ठा भी की। तारीख भी बतायी और निमंत्रण भी दिया। मगर उनका अहंकार इतना बड़ा कि खुद को प्रभु राम से बड़ा मानते हैं, इसलिए राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया। उन्हें डर था कि ऐसा करेंगे तो सपा-कांग्रेस का वोट बैंक नाराज हो जायेगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र का विरोध जताते हुए पीएम मोदी ने कहा, इन लोगों की नीयत ठीक नहीं है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों की संपत्ति की जांच कराने की बात कही है। कांग्रेस के शहजादे अब एक्सरे लगा कर मां-बहन बेटियों के मंगसूत्र को छीनने की घोषणा कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का इरादा दफ्तरों का भी सर्वे कराने का है। पीएम मोदी ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि हम किसी कीमत पर आपके हक को छीनने नहीं देंगे। इंडिया गठबंधन के नेता इसलिए वोट मांग रहे हैं कि धर्म आधारित संविधान बदल सकें। मैं 400 सीटें इसलिए मांग रहा हैं क्यों कि प्रदेशों में जो उन्होंने खेल शुरू किया है उस पर हमेशा ताला लगाने के लिए भाजपा को जिताने की जरूरत है।

**70 साल से ऊपर के बुजुर्ग का दिल्ली में बैठा बीटा करेगा खर्च :** पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा विकसित भारत के लिए गरीब किसान और नारी शक्ति को सशक्त कर रही है। यह बीजेपी है जितनी बहनों को बिजली नल से जल शौचालय सस्ते गैस कनेक्शन दिए हैं। यह बीजेपी है जिसने मुफ्त राशन की योजना चलाई। जिससे किसी मां के बच्चे को भूखे न सोना पड़े। मुफ्त इलाज की गारंटी दी है। हर परिवार में 70 साल से ज्यादा के बुजुर्ग हैं कि जो आपके बेटे को खर्चा करना पड़ता था वह दिल्ली में आपका बैठा बेटा करेगा। अब परिवार के लोगों के सिर पर यह खर्च नहीं पड़ेगा। यह मोदी की जिम्मेदारी है। पीएम ने कहा कि आने वाले 5 साल नारी शक्ति को और मजबूत बनायेंगे। हम खेत से लेकर इसरो तक नारी शक्ति का विस्तार देखेंगे। यह मोदी की गारंटी है। योगी और उनकी पूरी टीम मेहनत कर रही है। यूपी का भाग्य बदल रहा है। यह मेरे लिए गर्व का विषय है। आपके हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे। आज बरेली बदायूं के किसानों को 600 करोड रुपए मिल चुके हैं। विकास सर्वोपरि है।

---

# आज 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** 2024 लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में 26 अप्रैल को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21% यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 390 यानी 33% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बतायी है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपये की संपत्ति है। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में 1198 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है। वहीं, बाहरी मणिपुर लोकसभा के भी चार उम्मीदवारों को जोड़ें तो कुल संख्या 1202 हो जाती है। बैतूल लोकसभा सीट पर आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। जहां अब तीसरे चरण में मतदान होना है। दूसरे दौर में जिन सीटों पर मतदान है, उनमें केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर और त्रिपुरा की एक-एक सीट शामिल है। इसके अलावा मणिपुर में एक भाग मणिपुर बाहरी सीट का है।

---

## जनसंपर्क अभियान की तैयारी की समीक्षा

# केंद्र ने जनता को छला : कुमार राजा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा के नेतृत्व में रांची लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क अभियान की तैयारी की समीक्षा प्रदेश कार्यालय में की गयी। डोर टू डोर कांग्रेस पार्टी की न्याय गारंटी कार्ड की जानकारी जनसंपर्क अभियान के जरिये पहुंचाने की बात कही गयी। इसका उद्देश्य गांव-टोला में रहने वाले हर आखिरी व्यक्ति तक कांग्रेस की जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी पहुंच सके। महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा का कहना है कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी की सरकार वादों को पूरा करने में असमर्थ रही है और लगातार हर वर्ग के लोगों को ठगने का काम किया है, लेकिन अब जनता जाग चुकी है और इस सरकार को हटाकर ही मानेगी। कहा कि जिस प्रकार से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पांच न्याय और पच्चीस गारंटी की घोषणा की है, उससे जनता का समर्थन प्राप्त हो रहा है। कार्यकर्ता वार्ड-बूथ स्तर तक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू सिंह, विक्की ठाकुर, गौरव सिंह, रवि शंकर आदि उपस्थित थे।

---

# लोकसभा चुनाव में दलित एनडीए के साथ हैं : रजक



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र रजक ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का झूठा भ्रम फैला रहे हैं। उन्होने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग अब समझ गये हैं कि वे दिगभ्रमित होने वाले नहीं हैं। आज अनुसूचित जाति समाज केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़ कर विकास की राह पर है। उन्होंने कहा कि आज दलित समाज के दबे-कुचले लोग प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, अयुष्मान, फ्री राशान आदि योजनाओं से ज्यादा लाभन्वित हो रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष रामलगन राम, सचिव सुरेंद्र पासवान ने कहा कि देश के दलित अब प्रलोभन में नहीं आने वाले हैं। भाजपा के पक्ष में वोट करेंगे। इसके लिए समाज के प्रवुद्ध लोग लगे हुए हैं।

---

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का जनसंपर्क अभियान

# संसद में आवाज बुलंद करूंगी: यशस्विनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने गुरुवार को रातू प्रखंड का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मखमंद्रो स्थित मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल हुईं।

कहा कि यदि जनता ने अवसर दिया तो संसद में उनकी आवाज बनकर जन समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहूंगी। युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के



उत्थान और समुचित सम्मान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर संजय झा, शेख शकील अहमद, तस्लीम अंसारी, दिलीप महतो, चंपा कुमारी, बबलू हजाम, नीलू मिंज, शीला कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

**क्षत्रिय महासभा से समर्थन की अपील :** कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने क्षत्रिय समाज से चुनाव में समर्थन देने की अपील की है। कहा कि क्षत्रिय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, वीर कुंवर सिंह जैसे क्षत्रिय महापुरुषों की देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। क्षत्रियों ने मुगलों और अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। अपने स्वाभिमान से क्षत्रिय समाज ने कभी समझौता नहीं किया। क्षत्रिय समाज की उपेक्षा कर कोई भी राजनीतिक दल सफल नहीं हो सकता है।

# दूसरे चरण में धर्म क्षेत्र-अर्थ क्षेत्र का समर आज, हर समीकरण कसौटी पर

सलोनी

**चक्रव्यूह** के दूसरे द्वार पर सेनाएं अपना रणकौशल दिखा चुकीं। अपने सारे अस्त्र-शस्त्र आजमा चुकीं। इस दौर में धर्म, अर्थ और शिक्षा के केंद्रों में मतदाता प्रत्याशियों का इम्तिहान लेंगे।चुनावी प्रचार का शोर थम चुका है। अब असली इम्तिहान की बारी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश के अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे। 2019 की बात करें तो इन आठ सीटों में से सात पर भगवा परचम फहराया था। वहीं अमरोहा में हाथी जीता था, जबकि चार सीटों पर बसपा दूसरे स्थान पर रही थी, यानी बसपा के लिए यहां अच्छा मौका है। बसपा से गठबंधन में सपा को एक सीट गाजियाबाद मिली थी। यहां वह दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे चरण में सबसे बड़ी परीक्षा भगवा ब्रिगेड की होनी है। वहीं, सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ नहीं, बल्कि पाने के लिए पूरा आसमां है।

मेरठ में जहां राम का नाम और जातीय गोलबंदी की परीक्षा है, तो वहीं रामायण सीरियल के राम की अग्निपरीक्षा भी। इसी तरह जाटलैंड बागपत सीट पर चौधरी बनने के लिए दिलचस्प जंग देखने को मिल सकती है, जहां करीब पांच दशक बाद पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। फिर भी परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां से गठबंधन के तहत रालोद से डॉ राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। अमरोहा सीट पर हमेशा की तरह इस बार भी मुसलमान ही चुनाव परिणाम तय करेंगे, जबकि गौतमबुद्धनगर में उलझे जातीय समीकरण के बीच दो बार से सांसद ब्राह्मण बिरादरी के डॉ महेश शर्मा लगातार तीसरी बार ताल ठोक रहे हैं।

बुलंदशहर में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं, तो तालों के शहर अलीगढ़ में दिलचस्प टक्कर का सीन बना हुआ है। मथुरा सीट पर इस बार भी हेमामालिनी का जादू चलेगा या फिर कुछ अलग होगा, इस पर फैसला होगा। गाजियाबाद सीट पर बड़ा सवाल यह है कि क्या इस बार रिकॉर्ड टूटेगा।

## बिहार में मुद्दों पर जातीय समीकरण हावी, हर सीट पर कांटे की टक्कर

विद्यासागर



**बिहार में दूसरे चरण की पांच लोकसभा सीट बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया में 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। पांचों सीटों पर एनडीए की ओर से जदयू के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा और लोजपा का प्रत्याशी दूसरे चरण में नहीं है। वहीं, इंडिया से राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। किशनगंज को छोड़ कर शेष चार सीटें अभी जदयू के कब्जे में हैं। जदयू के सामने सीटों को बरकरार रखने की चुनौती होगी। पहले चरण में कम वोटिंग हुई है। कम मतदान से किसको फायदा, किसको नुकसान, इसका हिसाब अभी लगाया जा रहा है। मगर, कम वोटिंग से राजनीतिक दल और दूसरे चरण के प्रत्याशी अलर्ट हैं। आधार और समर्थक वोटों को बूथ तक लाने की रणनीति बनायी जा रही है। जीत-हार में यह अहम फैक्टर होगा।**

**तल्ख बयानों से चढ़ा राजनीतिक पारा :** पहले चरण में गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद में चुनावी शोर कम सुनाई दिया। मगर, दूसरे चरण में राजनीतिक दलों की तल्ख टिप्पणियों से राजनीतिक पारा उफान पर है। राजद से तेजस्वी प्रसाद यादव, रोहिणी आचार्या और भाजपा से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने भी राजद को निशाने पर ले रखा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एक छोर से मोर्चा संभाले हुए हैं। इससे राजनीतिक माहौल गरम है। पूर्णिया लोकसभा सीट पर सभी की नजरें हैं। पांचों लोकसभा क्षेत्रों में मुद्दों पर जातीय समीकरण हावी है। भीषण गर्मी की आशंका के बीच अगले कुछ घंटे बाद पांच सीटों पर होने वाला मतदान बिहार में लोकसभा चुनाव का रुख तय करेगा। जदयू की राजनीतिक ताकत का गणित भी इस चुनाव से जुड़ा है। कुल मिला कर दूसरे चरण का चुनाव बिहार में अगले तीन फेज के चुनाव की दशा-दिशा तय करेगा।

**दूसरे चरण में नेताओं की जुबानी तल्खियां बढ़ीं :** दूसरे चरण में नेताओं की जुबानी तल्खियों की भी खूब चर्चा रही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लालू प्रसाद के बेटे-बेटियों की संख्या को लेकर दिया गया बयान सुर्खियों में रहा। डॉ भीमराव आंबेडकर और सुभाषचंद्र बोस के भाई-बहनों की संख्या गिना कर तेजस्वी यादव का पलटवार भी काफी चर्चा में रहा। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के पिता को लेकर रोहिणी आचार्या के बयान पर सियासी तूफान मचा। पूर्णिया में किसी संदर्भ में तेजस्वी यादव की ओर से इंडिया को वोट नहीं देने पर एनडीए को वोट देने की बात पर भी खूब सियायी जोड़-घटाव किये गये। लोकसभा सीट से कुल 50 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें तीन महिलाएं और चार आदिवासी प्रत्याशी भी मैदान में हैं। इसमें सात साक्षर, चार आठवीं पास, पांच दसवीं और सात 12वीं पास हैं। 11 स्नातक, पांच स्नातक प्रोफेशनल, नौ पोस्ट ग्रेजुएट तथा एक डॉक्टरेट और एक डिप्लोमाधारी प्रत्याशी मैदान में हैं।

**दूसरे चरण में इन नेताओं की साख दांव पर :** बिहार में दूसरे चरण में पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव है। इसमें जीत का छक्का लगाने की उम्मीद के साथ दो उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, कई ऐसे भी हैं, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सर्वाधिक 13वीं बार तारिक अनवर कटिहार से उम्मीदवार हैं। वह वर्ष 1977 से लगातार कटिहार से ही चुनाव लड़ रहे हैं। अब-तक 12 चुनाव वह लड़ चुके हैं, जिनमें पांच बार उनकी जीत हुई है। इस बार अगर वह जीत दर्ज करते हैं तो छठी बार लोकसभा में जायेंगे। पूर्णिया से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे पप्पू यादव भी पांच बार लोकसभा का सदस्य रह चुके हैं। इनमें तीन बार वह पूर्णिया से तथा दो बार मधेपुरा से सांसद रहे हैं। भागलपुर में कांग्रेस के अजीत शर्मा तो पूर्णिया में राजद के टिकट पर उतरीं बीमा भारती पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में हैं। अजीत शर्मा वर्तमान में विधायक भी है। वहीं, बीमा भारती जदयू की विधायक थीं। कटिहार में तारिक अनवर और निवर्तमान सांसद जदयू के दुलालचंद गोस्वामी के बीच लगातार दूसरी बार मुकाबला हो रहा है। पूर्णिया में जदयू के संतोष कुशवाहा, राजद की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। भागलपुर में जदयू के अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच लड़ाई है। बांका में जदयू उम्मीदवार गिरिधारी यादव के साथ राजद के जयप्रकाश नारायण यादव की सीधी टक्कर है। जयप्रकाश भी बांका से सांसद रह चुके हैं और यहां से लड़ते रहे हैं। गिरिधारी यादव बांका से तीन बार के सांसद हैं। किशनगंज में मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआइएमआइएम के अख्तरुल के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। अख्तरुल इमान लगातार तीसरी बार किशनगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इन्हें अब तक एक बार भी जीत नहीं मिली है। अगर मोहम्मद जावेद के अलावा किशनगंज में कोई दूसरा जीतता है तो वह पहली बार लोकसभा का सदस्य बनेगा।

# ओड़िशा की राजनीति में 'लुंगी बनाम धोती' पर बहस

शंकर

**ओड़िशा** की सियासत में 'लुंगी बनाम धोती' की बहस उस समय शुरू हो गयी, जब केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीडियो में संदेश में लुंगी पहने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि राज्य की संस्कृति धोती है, न कि लुंगी। वहीं बीजद के नेताओं ने लुंगी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे इसके प्ररचार से संबलपुर के बुनकरों को फायदा होगा। पटनायक लोगों से लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों के लिए अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील करते हुए एक वीडियो संदेश में लाल लुंगी और सफेद टी शर्ट पहने दिखाई दिये। बीजद ने सोमवार की रात यह वीडियो जारी किया। लेकिन प्रधान ने मंगलवार को

## ओड़िशा की जंग



झारसुगुडा जिले के लाइकेरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पटनायक के कपड़ों का मजाक उड़ाया। प्रधान ने कहा, आप सभी ने हमारे बुजुर्ग नवीन बाबू को लुंगी पहने देखा होगा। हाथ में शंख था। एक गुमास्त (क्लर्क) है, जो इन चीजों को करवाता है। उन्होंने कहा, उन्हें नवीन बाबू जैसे बुजुर्ग व्यक्ति के लिए पायजामा और कुर्ता लाना चाहिए था। मैं नवीन बाबू का सम्मान करता हूं। लेकिन क्या उन्हें ऐसा करना चाहिए था? प्रधान संबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उनका भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीजद ने तीखी प्रतिक्रिया दी। लुंगी पहने बीजद के दो प्रवक्ताओं सस्मित पात्रा और स्वयं प्रकाश महापात्रा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने लुंगी के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इसके प्रचार से संबलपुर के बुनकरों को मदद मिलेगी। अगले दिन बुधवार को प्रधान ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान धोती और कुर्ता पहन कर संबलपुर लोकसभा सीट के अथामल्लिक इलाके का दौरा किया।

# चरण सिंह और देवीलाल में हुई मूंछ की लड़ाई, जीत गयी कांग्रेस आइ

## चुनावी किस्सा

राजवीर



**हरियाणा** के सियासी इतिहास में जितना रोमांच भरा है, उससे ज्यादा यहां मूंछ की लड़ाइयां चर्चा में रही हैं। वर्चस्व की ऐसी कई जंग आम चुनाव के साथ ही राज्य में हुए लोकसभा के उपचुनावों में भी देखने को मिलती हैं। मसलन, 1983 के दिसंबर महीने में सोनीपत लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव को ही लें। इसमें प्रतिष्ठा की जंग चौधरी चरण सिंह और ताऊ देवीलाल के बीच हुई थी और बाजी इंदिरा कांग्रेस (कांग्रेस आइ) के प्रत्याशी ने मार ली। यह चुनाव भजनलाल और चौधरी बंसीलाल के एक साथ प्रचार करने के कारण भी सुर्खियों में रहा था। 1982 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान ही लोकदल के राष्ट्रीय नेता चौधरी चरण सिंह और प्रदेश के बड़े सियासी चेहरे चौधरी देवीलाल में खटापट हो गयी थी। इस चुनाव में कांग्रेस को 38 और लोकदल गठबंधन को 34 सीटें मिली थीं। लेकिन, चौधरी चरण सिंह और देवीलाल में तल्खी इतनी बढ़ गयी कि ताऊ खुद नौ विधायकों के साथ लोकदल छोड़ कर जनता पार्टी में शामिल हो गये। इसके तकरीबन एक साल बाद ही सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव हो गया। तब नौ विधानसभा हलकों को समेटने वाला यह इलाका लोकदल का गढ़ माना जाता था, क्योंकि चरण सिंह की यहीं ससुराल थी और वह यहां के जाट और किसान नेताओं के सीधे संपर्क में रहते थे। उन्होंने इस उपचुनाव में अपने निकट सहयोगी किताब सिंह मलिक को टिकट दे दिया। उस समय इस सीट पर करीब सवा सात लाख मतदाता थे, जिनमें तीन लाख के करीब जाट वोटर थे। चौधरी चरण सिंह किसान और जाट वोट को अपने पक्ष में मानते थे। इसी बीच, उस समय महम के विधायक रहे चौधरी देवीलाल ने जनता पार्टी उम्मीदवार के रूप में लोकसभा उपचुनाव के लिए ताल ठोंक दी। इससे यह उपचुनाव रोमांचक हो गया और पूरे देश की नजरें इस पर टिक गयीं। यह पहला ऐसा चुनाव था, जिसमें चौधरी भजनलाल की होशियारी भरी चाल सबकी समझ में आने लगी थी और उन्हें सूबे की सियासत का चाणक्य माना जाने लगा था। वह मुख्यमंत्री थे और सोनीपत से कांग्रेस को जिताने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उन्होंने इंदिरा कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर तीसरे जाट नेता रिजकराम दहिया को मैदान में उतार दिया। रिजकराम के लिए जाट वोट साधने की जिम्मेदारी जहां केंद्रीय मंत्री रहे चौधरी बंसीलाल ने संभाल ली, वहीं गैर जाट मत साधने के लिए खुद भजनलाल ने विधानसभावार जनसंपर्क शुरू किया। एक ओर जहां लोकदल और जनता पार्टी के उम्मीदवार मूंछ की लड़ाई लड़ रहे थे, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस (आइ) के उम्मीदवार के लिए भजनलाल जीत की बिसात बिछा रहे थे। इसी के तहत हरियाणा लोकदल के बड़े नेता मुख्तियार सिंह अफनी पार्टी की राह से अलग जाकर कांग्रेस के रिजकराम के पक्ष में वोट मांगने उतर पड़े थे। 23 दिसंबर 1983 को जब वोट पड़ रहे थे, तब चरण सिंह और देवीलाल के समर्थक बूथ पर आमने-सामने थे, जबकि भजनलाल की टीम ने कांग्रेस के वोट मतपेटियों तक पहुंचाने में ताकत झोंक रखी थी। तीन दिन बाद जब परिणाम आया तो कांग्रेस के उम्मीदवार ने रिजकराम दहिया ने मुकाबला करीब 12,500 वोट से जीत लिया था। चौधरी देवीलाल को नंबर दो पर संतोष करना पड़ा।

# दार्जिलिंग में नेपालियों के दिल में गोरखालैंड है, तो मोदी भी

## बैटल ऑफ बंगाल

प्रशांत



**साल** 1870 का वाकया है। अंग्रेजों के पसंदीदा आरामगाह दार्जिलिंग की पहाड़ियों तक छोटी ट्रेन चलानी थी। ट्रैक बिछाना असंभव-सा हो गया था। तब एक अंग्रेज अफसर फ्रेंकलिन की बीवी ने उसे परदेस से एक लानतनुमा पत्र लिखा-आगे नहीं बढ़ सकते हो तो लौट आओ (इंग्लैंड)। तब ईजाद हुआ एक जुगाड़-जेड रिवर्सल तकनीक। जेड के आकार में ऐसा ट्रैक बनाया गया, जिसमें ट्रेन आगे तो बढ़ती है, कहीं-कहीं कुछ पीछे भी आती है। भाजपा की अलग गोरखालैंड की गाड़ी ऐसे ही जेड ट्रैक पर है। कभी आगे तो कभी पीछे। यहां के करीब दो तिहाई नेपालियों की गोरखालैंड राज्य की हसरत गुजरते वक्त के साथ धूमिल पड़ चुकी है, लेकिन चुनाव उम्मीदें जवां कर देता है। हाल में जारी भाजपा के घोषणापत्र में पृथक राज्य या नेपाली जातियों को एसटी के दर्जे पर खामोशी है। यहां के भाजपा विधायक विष्णुप्रसाद शर्मा को ये बेरुखी इस कदर खली कि वे पार्टी छोड़ कर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मैदान में कूद पड़े। हर उम्मीद यूं ही नहीं है। पिछले महीने जलपाईगुड़ी की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखालियों को संबोधित करते हुए कहा था कि केंद्र समाधान के करीब है, आपकी आकांक्षाएं पूरी होंगी। साल 2014 के संसदीय चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने गोरखा समुदाय की नब्ज पर हाथ रखते हुए कहा था कि आपके सपने मेरे सपने हैं। मोदी से इस विशालकाय वोट बैंक को उम्मीद है, तभी तो भाजपा यहां हैट्रिक जमा चुकी है। इसके उलट, तथ्य यह भी है कि करीब 30 साल पुरानी इस मांग की राह में मायूसी का हर पड़ाव पूरा होते ही एक नयी नेपाली पार्टी जन्म ले लेती है। दार्जिलिंग के साथ ही उत्तर बंगाल के नेपालीभाषी क्षेत्रों को जोड़ कर अलग गोरखालैंड बनाने का सपना पीछा नहीं छोड़ रहा। रही चुनाव की बात, तो मौजूदा सांसद राजू बिष्ट को इस बार भी भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की ओर से नेपाली बिरादरी के मुनीष तमांग को मैदान में उतारे जाने से लड़ाई रोमांचक और दिलचस्प हो गयी है। वे स्थानीय मुद्दों पर लंबे समय से मुखर हैं और क्षेत्र में पृथक गोरखालैंड आंदोलन का मुख्य चेहरा रहे विमल गुरुंग के भी खासमखास रहे हैं। 28 मार्च को तमांग ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली थी। भारतीय गोरखा परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनीष तमांग इलाके में चर्चित नेता हैं और क्षेत्र में भाजपा के सहयोगी के तौर पर जाने जाते थे। उन्होंने पृथक गोरखालैंड और गोरखा समुदाय के मुद्दों को लेकर भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। कांग्रेस में शामिल होते वक्त तमांग का कहना था कि बीते कई सालों से हमारे गोरखा समुदाय ने भाजपा को मौका दिया, लेकिन उसके बदले हमारे समुदाय को सिर्फ धोखा मिला।

**बैनर-पोस्टर से राष्ट्रीय नेता नदारद :** जिले में विधानसभा की सात सीटें हैं, तीन पहाड़ में चार मैदानी। पांच सीटों पर भाजपा काबिज है। करीब दो तिहाई आबादी नेपाली है, इसलिए मुख्य बोली भी नेपाली। खानपान में सबसे प्रिय थुकप्पा जिसे सब्जियों के सूप में मांस डाल कर पकाते हैं। सिलीगुड़ी से ऊपर को चलें, तो शहर में जगह-जगह बैनर-पोस्टर मिलते हैं, इन पर नेपाली इबारत दर्ज है और तस्वीरों से राष्ट्रीय नेता नदारद। ममता, मोदी, राहुल कहीं नहीं। 43 साल के रामेंद्र गिरि की शिकायत है कि गोरखाली समुदाय की 11 उपजातियों को एसटी का दर्जा वादे के बाद भी नहीं दिया गया। हमारे बच्चों के लिए रोजगार नहीं है, बाहर जाना पड़ता है। अलग राज्य के लिए मुट्ठियां तानने वाले पुराने गोरखाली नेता भी थकने लगे हैं। इस समुदाय पर पकड़ रखने वाली प्रमुख पार्टियां पिछले 15 साल में भाजपा-तृणमूल जैसे बड़े दलों के पीछे खड़ी हो गयी हैं। सुभाष घीसिंग के साथ के तीन बड़े चेहरे विनय तामांग, अनित थापा, विमल गुरुंग मैदान में तो हैं, लेकिन बतौर प्रत्याशी नहीं। किसी न किसी बड़े दल के समर्थक के रूप में। पहले तीनों एक साथ थे, अब अलग-अलग। तृणमूल के साथ खड़े थापा कहते हैं- गोरखालैंड हमारा सपना है, हमारी भावना है, इसे दलों ने चुनावी मुद्दा बना दिया है। हमें क्षेत्र के विकास को प्रमुखता देनी चाहिए। अलग राज्य से अलहदा भाजपा अब इस क्षेत्र के स्थायी राजनीतिक समाधान की बात करने लगी है। तृणमूल से खिसक कर विमल गुरुंग भाजपा के पक्ष में आ गये हैं, इस शर्त के साथ कि भाजपा इस पर अमल करेगी। इस वादे पर भाजपा प्रत्याशी बिस्ट का कहना है कि इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, अगले पांच साल में लक्ष्य हासिल होगा। गुरुंग की पार्टी के महासचिव रोशन गिरि का कहना है कि यह अलग गोरखालैंड राज्य जैसा ही है। भाजपा के रवैये से आहत नवगठित हमरो पार्टी और प्रजातांत्रिक मोर्चा स्थानीय चुनावों में अपनी ताकत दिखा चुके हैं। इनका कहना है कि साल 2019 में दार्जिलिंग को एसटी स्टेटस का दर्जा देने का भाजपा ने वादा किया, लेकिन आज तक पूरा न हो सका।

**भ्रष्टाचार से लेकर राम मंदिर तक की हो रही चर्चा :** 1986 में सुभाष घीसिंग की अगुवाई में गोरखालैंड आंदोलन शुरू हुआ। कई जानें गयीं, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा। एक तितरफा शांति समझौते के साथ खत्म हुआ। एक सीमित स्वायत्तता के साथ गोरखा हिल काउंसिल बनी। लेकिन, तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद 2011 में इसकी जगह गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन गठित किया गया। गुरुंग इसके प्रमुख बने। लेकिन 2013 में असंतुष्ट गुरुंग ने तृणमूल पर गोरखा की पहचानें मिटाने की साजिश का आरोप लगाते हुए फिर आंदोलन शुरू कर दिया। 2017 में यह आंदोलन 104 दिन तक चला। 80 के दशक में खूनखराबे के बाद गोरखा नेताओं ने लोकतांत्रिक रास्ता पकड़ा और अपनी मांग के साथ चुनाव में हिस्सा लेने लगे। कई गोरखा नेता भाजपा के टिकट पर विधायक बनते आ रहे हैं। यहां का चुनावी नजारा भी अजब-गजब है। यहां के लोग कहते हैं कि भाजपा राज्य में इस बार 25 सीटें जीतेगी। राम मंदिर बनने से यहां के हिंदू और मारवाड़ी वोट भाजपा को जायेंगे। उत्तर बंगाल या कहें कि पहाड़ी क्षेत्र के इस प्रवेश द्वार में प्रवासी हिंदुओं की खासी आबादी है और मूल बंगाली कम हैं, इसलिए यहां भाजपा का दबदबा दिखता है।

## पूर्वांचल की सियासी पिच : 'बाप रे बाप'

# किसी ने पुत्र के लिए सजाया मैदान, कोई जुटा मात देने में

मुकेश

**गजब** बेइज्जती है! एक चर्चित वेबसीरीज का यह लोकप्रिय डायलॉग पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों की धमाचौकड़ी में गजब बाप है में बदल गया है। खासतौर से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्मभूमि इलाहाबाद और उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया की जन्मभूमि अंबेडकरनगर में। इलाहाबाद में कई बार सांसद, विधायक और मंत्री रहे समाजवादी पार्टी के अस्सी पार के एक धुरंधर नेता हैं कुंवर रेवती रमण सिंह। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के दिग्गज नेता मुरली मनोहर जोशी को हराने का पराक्रम प्रदर्शित कर चुके हैं और इस बार भी चुनाव लड़ने का मंसूबा बनाये बैठे थे। लेकिन उनकी पार्टी ने कांग्रेस से गठबंधन किया तो उनका विरोध दरकिनार कर उनकी इलाहाबाद सीट उसे दे दी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव इलाहाबाद आकर भी उन पर नहीं पसीजे। इसके बावजूद रेवती कुछ दिन इस जुगत में लगे रहे कि किसी तरह कांग्रेस ही उन्हें अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दे। अपने विधायक बेटे कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह को कांग्रेस की सदस्यता दिला दी और उसके लिए कांग्रेस के टिकट की पैरवी में लग गये। इस पैरवी में अंततः वे सफल भी हो गये। अब उज्ज्वल रमण सिंह कांग्रेस के प्रत्याशी हैं और कहते हैं कि सपा भी इससे खुश है। सपा और कांग्रेस का गठबंधन तो है ही, जिससे रेवती बिना हिचक और धर्मसंकट अपने नये-नये कांग्रेसी हुए बेटे का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनके क्षेत्र में अनेक लोग उनकी मिसाल देकर कह रहे हैं कि बाप हो तो ऐसा!

**पिता-पुत्र की यह जोड़ी भी चर्चा में :** डॉ लोहिया की जन्मभूमि अंबेडकरनगर की राजनीति में भी बाप बेटे की एक ऐसी ही अजब-गजब जोड़ी सक्रिय है। बाप हैं राकेश पांडेय और बेटा रितेश पांडेय। दोनों हवा का रुख देख कर कभी सपा तो कभी बसपा में जाकर सांसद और विधायक बनते रहते हैं। लेकिन पिछले चुनाव में बसपा से सांसद बना बेटा रितेश इस बार फिर सांसद बनने के लिए भाजपा से चुनाव मैदान में उतर गये हैं, जबकि बाप समाजवादी पार्टी के विधायक हैं और निहुरे निहुरे ऊंट चरा रहे हैं। न खुल कर भाजपाई बेटे का प्रचार कर रहे, न उनके प्रतिद्वंद्वी सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी लाल जी वर्मा का ही।




**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85,000 रु./प्रति किलो |



# जेइइ मेंस में रांची के प्रियांश बने झारखंड टॉपर

## हासिल किया 99.88 परसेंटाइल स्कोर : झारखंड के 700 विद्यार्थियों ने पायी सफलता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेइइ मेंस में झारखंड के करीब 700 विद्यार्थियों ने सफलता पायी है। इसमें देश भर से 56 अभ्यर्थियों ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है, जिसमें झारखंड के प्रियांश प्रांजल भी शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ प्रियांश झारखंड टॉपर भी बने हैं। जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया है। जेवीएम के प्रियांश प्रांजल ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर ऑल इंडिया में 30वीं रैंक हासिल की है। जेवीएम की दूसरी छात्रा नेहा कुमारी ने 99.53 परसेंटाइल अंक लाकर पूरे देश में 7000वां रैंक हासिल किया है। इस साल जेइइ मेंस की परीक्षा दो सेशन में आयोजित की गयी थी। दूसरे सेशन की परीक्षा में देशभर से 10 लाख से भी ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। रांची से लगभग 10 हजार अभ्ययर्थियों ने परीक्षा दी थी। दूसरी तरफ रांची रेल मंडल के रांची रेलवे स्टेशन पर कार्यरत मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दिनेश कुमार के बेटे कुणाल कुमार को सफलता मिली है। मेंस में उन्हें 96.92 परसेंटाइल मिला है। कुणाल ने 12 वीं की पढ़ाई डीएवी कपिलदेव से पूरी की है। कुणाल का कहना है कि अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए।



पहले ही प्रयास में उन्हें सफलता मिली है । अगला लक्ष्य उनका जेइइ एडवांस है।

**सरफराज अंसारी ने भी लहराया परचम :** पंचेत रंगामटिया बेनागोड़ियां गांव के लकड़ी मिस्त्री इशाक अंसारी के पुत्र सरफराज अंसारी ने ओबीसी कैटगरी में 4462वां स्थान प्राप्त किया है। पहले ही बार में उसने 98.87 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की। सरफराज ने साल 2020 में वैली पब्लिक स्कूल पतलाबाड़ी से मैट्रिक और 2022 में एसएचएमएस कालेज कुमारधुबी से साइंस में 12वीं की पढ़ाई पूरी की है।

**कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं: स्टेट टॉपर :** स्टेट टॉपर प्रियांश प्रांजल ने कहा कि जो सफलता हासिल की है, उसमें कड़ी मेहनत के अलावा शिक्षकों के साथ माता-पिता का भी अहम योगदान है। वह प्रतिदिन लगभग 12 घंटे पढ़ाई करता था। स्वयं को रिलैक्स रखने के लिए वह पढ़ाई के बीच में सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल करता था। प्रियांश के पिता अनूप कुमार सिंह सिविल कोर्ट में कार्यरत हैं। मां स्मिता सुप्रीति गृहिणी हैं। प्रियांश के माता पिता ने वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। भरोसा था कि प्रियांश का नाम टॉपर लिस्ट में आयेगा। पिता अनुप कुमार सिन्हा ने बताया कि उन्होंने प्रियांश पर कभी दबाव नहीं डाला कि टॉप ही करना है या 10 घंटे पढ़ाई करनी है। प्रियांश के पिता अनुप कुमार सिन्हा सिविल में कोर्ट में ऑफिस सुपरिटेंडेंट हैं और उनकी माता स्मिता सुप्रिति गृहिणी हैं।

# ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
## 378 छात्रों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने जेइइ में सफलता का परचम लहराया है। ब्रदर्स एकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किया है, उनके नाम हैं- देव प्रकाश, रोहन कुमार, तुषार धानुका, आकाश कुमार, तान्या चौधरी, श्रेयश संजय, मोहमद एलनाज, हर्षित आनंद, हर्षल राज, भास्कर जालान, यश कुमार, साहिल आकाश, सिद्धांत कुमार, समृद्धि केडिआ, तान्या कात्यायन, सृस्टि राज, प्रियम राज और अन्य हैं। छात्रों ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही सफलता की राह पर ला खड़ा किया है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स का फिर से शानदार प्रदर्शन, 218 छात्रों ने पायी सफलता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरकुलर रोड स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स से 218 छात्रों ने सफलता पायी है। न्यूटन ट्यूटोरियल्स के छात्रों ने अच्छा रैंक लाकर संस्थान का नाम रौशन किया है। सफलता पानेवालों में अवैश एहसान, आकाश, शिवम, ऋतिक कुमार, आर्यन, यश कुमार, आयुष कुमार, पुष्कर कुमार, किसलय, नेहरू शर्मा, शगुन सिंह, सचिव कुमार, नीलेश कुमार, पंकज कुमार, दिव्यांशु कुमार, पायल सोनी, रौशन कुमार, प्रिया शर्मा, कृष्णा कुमार, आदर्श, गणेश कुमार, हरेंद्र कुमार शामिल हैं। निदेशक इमरान अली से इतने सारे छात्रों के सफल होने के सबंध में बताया कि यहां शिक्षक और छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार सबंध है। इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना उलझन सुलझाते हैं।

# द पाठशाला: जेइइ मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** द पाठशाला के छात्रों ने जेइइ मुख्य परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें संतोष रवानी ने 99.73 परसेंटाइल हासिल किया। हर्षित ने 99.66, मजित दास ने 99.52, रविशंकर ने 99.50, धैर्य पांडेय ने 99.30, पियूष ने भौतिकी में 100 प्रतिशत प्राप्त किया है।

निशा लक्ष्मी ने 98.14, अकर्ष ने 98.11, हर्ष ने वर्ग में 784वां स्थान प्राप्त किया। अमर राजक ने 3456वां स्थान प्राप्त किया। रंजीत कुमार ने 5874वां स्थान प्राप्त किया। द पाठशाला छात्रों की सफलता पर बधाई दी।

निदेशक शिवशंकर कुमार ने बताया कि रांची के छात्रों के मार्गदर्शन के लिए कक्षा 8, 9, 10, 11, 12 में प्रवेश शुरू है। कक्षा 11 के छात्रों के लिए एक नया बैच 28 अप्रैल को शुरू हो रहा है।

# सरला बिरला के छात्रों का जेइइ मेंस में परचम




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेइइ मेंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। धैर्य पांडेय ने 98.98 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके बाद अपूर्बो रॉय ने 98.84 परसेंटाइल, आयुष राज यादव ने 98.78, वेंकट कृष्णा ने 97.93, आर्यमान कुमार ने 97.63, तीर्थ श्रेष्ठ 96.77, शिवम मिश्रा 96.68, सुधांशु कुमार 96.30, रणवीर राज 95.91, रूपेश आनंद 95.41, भूमि केसरी 95.39, प्रवु समर्पिता नायक 93.97, आकर्ष कुमार सिंह 92.60 और सौरभ तिवारी ने 92.43 परसेंटाइल हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल का प्रदर्शन शानदार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेइइ मेंस में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शानदार सफलता के साथ देश के प्रमुख अभियांत्रिकी संस्थानों में अपना स्थान सुरक्षित किया। विद्यालय के पीयूष कुमार ने 98.98 परसेंटाइल प्राप्त किया है। साथ ही आदित्य किरण 98.92, आनंदकिशोर 98.88, देशदीपक 97.88, भावेश कुमार 97.02, सुतिर्थदान 95.69, आयुष कुमार 94.22 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षक, छात्रों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। अब आप सभी देश के प्रमुख संस्थानों में प्रवेश लेकर अपना योगदान दें। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक डॉ सिमी मेहता ने इस अनमोल पल को छात्रों के साथ साझा करते हुए कहा कि आप सिर्फ मेहनत पर जोर दें। सफलता खुद कदम चुमेगी। मौके पर रविशेखर, कुमार आशुतोष, राज किशोर ने भी बधाई दी।

# डीपीएस के विद्यार्थियों का रहा दबदबा
## तमन्ना बालिका वर्ग में बनी स्टेट टॉपर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस रांची की तमन्ना कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.98 परसेंटाइल के साथ जेइइ मेन के बालिका वर्ग में स्टेट टॉपर बनी है। स्कूल के 19 छात्रों ने 99 और उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। 63 से अधिक छात्रों ने 95 और उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। 200 से अधिक छात्रों ने 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किया है। अदभुत प्रतिभा और अटूट दृढ़संकल्प का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर तमन्ना कुमारी स्टेट टॉपर बनी। प्राचार्य डॉ राम सिंह ने छात्रों की सफलता पर खुशी जतायी है।

## साहिबगंज में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

# हर बूथ पर कमल खिलायें, मोदी को पीएम बनायें: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** एक दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने अस्थायी बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया। गुरुवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा हेलीकॉप्टर से पहुंचे। हेलीपैड में राजमहल विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं शहर के भरतीया कॉलोनी स्थित राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिए अस्थायी बीजेपी कार्यालय का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके उन्होंने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस बार राजमहल लोकसभा में हर हाल में कमल खिलाना है और ताला मरांडी को जीताना है। कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ को मजबूत करके रखें। हर बूथ में कमल खिलायें। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनायें।



वही उन्होंने कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस के घोषणापत्र पर तंज कसा और कहा कि इंडिया गठबंधन देश को गर्त में ले जाना चाहता है। मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, गणेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, गौतम यादव, चांदनी देवी, ललिता पासवान, अनिमेष सिन्हा, जीवा पासवान, संगीता सिन्हा, विनोद चौधरी, चंद्रभान शर्मा सहित अन्य थे।

वहीं कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी सहित अन्य पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचे, जहां हेलीकॉप्टर से दुमका निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गये।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कैश कांड में आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई ।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत, कार्रवाई पर रोक

रांची (आजाद सिपाही)। अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने चाइबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़ा है। राहुल गांधी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

### लोक अदालत कल, पूरी हो गयी तैयारी प्रधान न्यायायुक्त कर रहे मॉनिटिरिंग

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सिविल कोर्ट में 27 अप्रैल को लगने वाले लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची सिविल कोर्ट परिसर में पक्षकारों के साथ चेक बाउंस और बिजली से जुड़े मामलों लंबित मामलों के निष्पादन के लिए बैठक कर रहा है। रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय खुद लोक अदालत होने से पहले सभी तैयारियों की बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने चेक बाउंस और बिजली से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों, बैंक के पदाधिकारी और बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन पर जोर दिया गया। साथ ही लोक अदालत से पहले पक्षकारों को चिह्नित कर नोटिस भेजने का निर्देश दिया गया। अभी तक चेक बाउंस के लगभग 6000 से ज्यादा मामलों को चिह्नित किया गया है और मामलों से जुड़े पक्षकारों को नोटिस भेजा जा चुका है। वहीं विद्युत अधिनियम से जुड़े लगभग 1100 से ज्यादा मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है।

### हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची, तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

### इक्फाई विवि में कार्यशाला 4 मई से

रांची (आजाद सिपाही)। इक्फाई विश्वविद्यालय में 4 और 5 मई को कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कुलपति प्रो रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण और रणनीतियां प्रदान करना है। कार्यशाला के संयोजक डॉ एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला एनइपी के पांच मार्गदर्शक स्तंभों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। बताया कि गहरी बातचीत में शामिल होकर ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है। हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी सहज क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक शिक्षाविद 2 मई तक पंजीकरण करके इस कार्यशाला में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7257004502-7257004503 संपर्क कर सकते हैं।

### केंद्रीय विवि : स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन 29 अप्रैल से

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर में प्रवेश एनटीए द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर ही होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू होगी। इस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में वैसे अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने एनटीए द्वारा आयोजित सीयूइटी पीजी 2024 प्रवेश परीक्षा को क्वालीफाइ किया हो, जिनके पास इस परीक्षा का वैलिड स्कोर कार्ड हो। इसके साथ ही साथ जिन अभ्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट में ऑनलाइन आवेदन भरते समय झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विकल्प को चुना होगा। वही सीयूजे के नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए योग्य होंगे। अभ्यार्थियों को आठ सौ रुपये, एससी-एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों को चार सौ और दिव्यांग, समेत अन्य श्रेणी के महिला अभ्यार्थियों के लिए दो सौ रुपये फीस है।

### हटिया-हावड़ा एक्सप्रेस 28-29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो. चंद्रपुरा. महुदा, भोजुडीह, आद्रा-बांकुड़ा के बजाये कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल को चलेगी। ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल, कोटशिला होकर आयेगी। दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जायेगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो, खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून और ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

## मूर्ति विवाद में मारपीट, थाना में की शिकायत



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र बुजुर्ग जमीरा गांव में मारपीट को लेकर बरकाकाना ओपी से शिकायत दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुजुर्ग जमीरा निवासी गोपाल यादव ने अपने गांव के राजेंद्र यादव, दिक्कू यादव और नंदकिशोर यादव के ऊपर आरोप लगाया है कि अपना मूर्ति बनवाकर उसमे राधे-राधे और राजेंद्र यादव बाबा लिख कर उक्त मूर्ति को मंदिर में रख दिया गया है। मूर्ति को मंदिर में रखने को लेकर यज्ञ कमेटी ने विरोध किया। विरोध करने के कारण उक्त तीनों व्यक्तियों ने गोपाल यादव को लात घुसा और लाठी से सिर पर मारा, जिसके कारण गोपाल यादव को गंभीर चोट आयी है। घायल अवस्था में ग्रामीणों की मदद से गोपाल को पोचरा स्थित शिवम नर्सिंग होम में लाया गया है, जहां वह इलाजरत है। घटना को लेकर बरकाकाना ओपी पुलिस जांच में जुटी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में सौर ऊर्जा पर संगोष्ठी



**मांडू (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र मांडू, रामगढ़ में सौर ऊर्जा का कृषि क्षेत्र में उपयोग विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रबंधक नाबार्ड के उपेंद्र शाह उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ सुधांशु शेखर ने किसानों को कहा कि सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से जहां कार्बन उत्सर्जन कम होगा, वहीं फसल लागत में भी कमी आयेगी। साथ ही पर्यावरण के लिए भी काफी हितकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जरेडा, रांची के कार्यक्रम समन्वयक प्रभाकर झा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को सौर ऊर्जा से संबंधित योजना का लाभ पर जोर दिया। और कहा कि जरेडा और कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। वैज्ञानिक डॉ धर्मजीत खेरवार और प्रक्षेत्र प्रबंधक सन्नी कुमार ने किसानों को कहा कि अब समय आ गया है कि हम पेट्रोल और डीजल की जगह पर सौर ऊर्जा का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा करें। क्योंकि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर बिजली की कमी या आपूर्ति सही समय पर नहीं हो पाती है ऐसे में खेतों पर सौर पैनल स्थापित करके किसान अपनी खुद की बिजली उत्पन्न कर सकते हैं। जिससे सिंचाई मशीनरी और अन्य कृषि कार्यों के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। इससे किसानों की ग्रेड पर निर्भरता कम होती है, और उत्पादकता में सुधार भी होगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के शशिकांत चौबे के अलावा क्षेत्र के 55 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

## मनीष जायसवाल मिले दिवंगत राधेश्याम के परिजनों से



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल गुरुवार को कुजू निवासी सह दवा व्यवसायी राधेश्याम अग्रवाल के आकस्मिक निधन की सूचना पर उनके आवास पहुंचे। साथ ही, राधेश्याम के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं, ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस दु:ख से उबरने का साहस प्रदान करने की कामना की। वही, गुरुवार की दोपहर राधेश्याम अग्रवाल का अंतिम संस्कार रामगढ़ दामोदर नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़े पुत्र त्रिपुरारी शरण अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर आनंद अग्रवाल, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, मनोज मिश्रा, संदीप राजगरिया, संजय अग्रवाल, प्रदीप सिंह, विनय अग्रवाल, मानव चतुवेर्दी, धनेश्वर प्रसाद, कोलेश्वर महतो, सुजीत प्रसाद सिन्हा, प्रेम प्रसाद, जगत्रीलाल वेद, रतन प्रसाद, मुकेश प्रसाद, अरविंद कुमार, विजयलाल, गिरीशचंद्र झा, वीरू कुमार, विनोद अग्रवाल, विजय साहू सहित कई लोग शामिल रहे।

## अशोक शर्मा बने जनता मजदूर संघ के रीजनल उपाध्यक्ष, दी गयी बधाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने सौंदा डी निवासी अशोक शर्मा को यूनियन का सीसीएल रीजनल उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि अशोक शर्मा मजदूर और औद्योगिकहित में कार्य करते हुए संगठन को और मजबुती प्रदान करेगें। अशोक शर्मा के मनोनयन पर सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, सीसीएल सचिव टीनू सिंह, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्र सिंह, अरगडा एरिया के क्षेत्रीय सचिव रणजीत सागर, बरका-सयाल के अध्यक्ष चमन मुंडा, सचिव दशरथ कुर्मी, राजेश घांसी, परदेसी नोनिया, शिवचरण करमाली, महेंद्र सिंह, शाखा सचिव अजय, बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी के वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवि गिरी, भुरकुंडा शाखा सचिव बैजनाथ कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पतरातू थाना क्षेत्र के कुरबीज गांव में छापेमारी कर 132 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा गया है। उक्त बातों की जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को यह सूचना मिली थी की कुरबीज मंडाटांड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। एक घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है। पुलिस ने वहां घूरन गोप को पकड़ा उसके पास से 650 एमएल किंगफिशर बियर की 60 बोतल, 375 एमएल रॉयल स्टैग व्हिस्की की 24 बोतल और 180 एमएल स्टर्लिंग व्हिस्की की 48 बोतल बरामद किया गया है। इस छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे। छापामारी दल में एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र राम, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार रजक सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक 27 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय पानी टंकी स्थित मनोज यादव के मकान में आयोजित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव करेंगें। इस बैठक में राजद के सभी प्रकोष्ठों के सदस्य भाग लेंगें। तथा अगला चुनाव को लेकर रणनीति तय की जायेगी। इस बैठक को महत्वपूर्ण बैठक माना जा रहा है। रांची में आयोजित उलगुलान रैली में कांग्रेस और राजद के बीच आपसी विवाद को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं को हो रही है। जिसमें राजद की एकजुटता बनाये रखना, कांग्रेस को समर्थन करना या राजद समर्थित उम्मीदवार को मैदान में उतारने पर गहन मंथन की जायेगी।

# एसडीओ पर अधिवक्ता से बदसलूकी का आरोप

- अधिवक्ताओं ने एसडीओ कोर्ट के न्यायिक कार्यों से किया किनारा
- बार एसोसिएशन भवन में की बैठक, माफी मांगने पर अड़े
- एसडीओ का रवैया वकील के प्रति अशोभनीय और अमर्यादित है: आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** एसडीओ कोर्ट में अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा के साथ एसडीओ आशीष गंगवार के द्वारा दुर्व्यहार किया गया है। जिसके बाद अधिवक्ताओं में काफी गुस्सा है। अधिवक्ताओं ने एसडीओ कोर्ट के कार्यों से किनारा कर लिया। साथ ही बैठक का पीड़ित अधिवक्ता से माफी मांगने पर अड़ गया है। अगर माफी नहीं मांगा गया तो आगे आंदोलन को तेज किया जायेगा।

**क्या है मामला:** बुधवार को एसडीओ आशीष गंगवार के न्यायालय में मुकदमों की सुनवाई चल रहा था। इसी बीच एक मुकदमे में बहस के दौरान अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा संघ के वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को अपशब्द कहा। जिससे अधिवक्ता की गरिमा को ठेस पहुंची। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनके न्यायालय का न्यायिक कार्य नहीं किया। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ की एक आपातकालीन बैठक आहूत की जाये।



### घटना की शिकायत सीएम से करेंगे अधिवक्ता

**संघ के महासचिव सीताराम, वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार ने भी बैठक को संबोधित किया। निर्णय लिया गया कि इस घटना की जानकारी उपायुक्त रामगढ़ मुख्य सचिव झारखंड सरकार, राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्र सरकार के गृहमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, स्टेट बर काउंसिल, बार काउंसिल आफ इंडिया को दी जायेगी।**

**एसडीओ का रवैया वकील के प्रति अशोभनीय और अमर्यादित है: आनंद:** गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ के परिसर में संघ के महासचिव सीताराम द्वारा बैठक आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने की। संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने अधिवक्ताओं को बताया कि बुधवार को अनुमंडल दंडाधिकारी के यहां न्यायिक कार्यों का निष्पादन करने के दौरान एक मुकदमे में बहस के दौरान न्यायालय में उपस्थिति लगभग 25-30 अधिवक्ताओं के समक्ष आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा संघ के वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को इंगित करते हुए अपशब्दों का उपयोग कर अपमानित किया हैं। जिससे संघ के सभी अधिवक्ता बहुत आहत है। इसके पूर्व भी जब से आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी के रूप में न्यायालय का कार्य कर रहे हैं तब से रोजाना किसी ने किसी अधिवक्ता के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अधिवक्ता यह सोचकर कभी विरोध नहीं किया कि धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन कल जिस तरह से वरीय अधिवक्ता के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी ने अपशब्द का उपयोग कर अपमानित किया है। वह बहुत ही अशोभनीय, अमर्यादित है। संघ इस घटना की निंदा करती है।

**जबतक माफी नहीं, तबतक एसडीओ कोर्ट के कार्यो में भाग नहीं:अधिवक्ता संघ:** आयोजित बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं के बीच विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक एसडीओ आशीष गंगवार द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए व्यवहार के लिए लिखित रूप से माफी नहीं मांगी जाएगी। तब तक जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का कोई भी अधिवक्ता उनके न्यायालय में न्यायिक कार्य में भाग नहीं लेगा।

बैठक में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, महासचिव सीताराम, रंजन कुमार सिंह, अरविंद कुमार, बंशीधर गोप, चंद्रिका सिंह, संजीव अम्बष्ठ, द्वारिका प्रसाद, अनुज सिंह, दीपक रंजन, राजेंद्र महतो, राजेंद्र साहू, शंभूनाथ महतो, जगत महतो, मदन शर्मा, मोइन आरफी, सुनील शर्मा, जगत महतो, लालमोहन महतो, झलक देव महतो, हरकनाथ महतो, राजू महतो, सुबोध पांडे, नौशाद अहमद, पंचम महतो, प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की बैठक बुधवार की देर शाम रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब के सभागर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अमित साहू ने किया। इस दौरान बैठक में सत्र 2024-25 के लिए नई कमेटी का चुनाव पदाधिकारी उमेश राजगढ़िया के नेतृत्व में किया गया। सर्वसम्मति से हरीश कुमार चौधरी को अध्यक्ष, सचिव और कोषध्यक्ष में प्रदीप कुमार शर्मा और रामप्रवेश गुप्ता चुने गये। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा कि परिषद के वरिष्ठ सदस्यों ने मुझ पर विश्वास कर के जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। भारत विकास परिषद विगत कई सालों से सामूहिक विवाह का आयोजन कराती आ रही है, और इस साल भी इसका आयोजन वृहद और एतिहासिक रूप से किया जायेगा। साथ ही कृत्रिम अंगों का शिविर का भी आयोजन परिषद के सभी सदस्यों के सहयोग कराया जायेगा। बैठक में मुख्य रुप से संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़, निवर्तमान अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व अध्यक्ष और चुनाव पदाधिकारी उमेश राजगड़िया, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल, मनमोहन सिंह लांबा, डॉ आलोक रतन चौधरी, आनंद सर्राफ, प्रदीप कुमार शर्मा, रामप्रवेश गुप्ता, धीरज सिंह, सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान। नौकरी में उन्नति। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा । |
| वृष | कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता। लोकप्रियता का विस्तार धन लाभ। पुरस्कार की प्राप्ति। |
| मिथुन | कार्य सफल होगा। काम में लाभ मिलेगा। माता पिता का सहयोग। वांछित सहयोग मिलेगा। |
| कर्क | परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। शुभचिंतक काम आयेंगे। शुभ कार्य का संपादन करेंगे। |
| सिंह | परिस्थितियों में सुधार। बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में लाभ। मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| कन्या | धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। धनागम के अवसर बढ़ेगें। नौकरी में उल्लास। |
| तुला | समस्याओं का समाधान। परिश्रम से सफलता। आर्थिक संतुलन बनाय्खे में सफल होंगे। |
| वृश्चिक | बिजनेस में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| धनु | रुके कामों में प्रगति। सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर। |
| मकर | आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी। साहसिक कार्य में सफलता। पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। |
| कुंभ | लाभकारी प्रयास सफल होगा। आमदनी में वृद्धि होगी। घर-गृहस्थी में सुख-शांति। |
| मीन | चिंतनीय वातावरण से मुक्ति। परिश्रम का फल मिलेगा। प्रशंसनीय कार्य करने का मौका। |

## कांग्रेस के पास विकास का ब्लू प्रिंट नहीं: अविनेश सिंह



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में समाजहित और न ही लोकहित में है। कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है और इसबार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है। गुप्त बातें गुरुवार को भाजपा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवास पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इसके विपरित भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है और भाजपा इसी को लेकर आगे बढ़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी जो आज 5वें नंबर है। कहा कि भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने। **भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है:** उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है। जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। कहा कि भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नही है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। कहा कि भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। वहीं, कांग्रेस की सोच माओवादी है। कहा कि यदि किसी व्यक्ति की पैतृक संपत्ति दो जगहों पर है तो कांग्रेस की नीति ऐसी है कि व्यक्ति की एक स्थान की पैतृक संपत्ति छीन सकती है। क्योंकि कांग्रेस द्वारा लोगों की पैतृक संपत्ति के मूल्यांकन की बात कही जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं। लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे। प्रेसवार्ता में पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, जिला महामंत्री रंजन फौजी, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, शिव कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने किया पतरातू का दौरा, मांगा समर्थन

- मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर इस क्षेत्र की जनता दिखी बेहद खुश, किया अद्भुत स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न भाजपा मंडलों के तूफानी दौरे पर है। गुरुवार को उन्होंने रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों का 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और जन संवाद किया। पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों तक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का दिल जीता। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया।



इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने तालाटांड़, पतरातू डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातू, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया। सभी गांवों में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने मिलकर ग्रामीण पुरुषों ने गाजे-बाजे के साथ ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए फूल माला पहनाकर और माता-बहनों ने आरती उतारकर और पुष्प वर्षा करके एवं फूल माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत कर अपना स्नेह, आशिर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।

**जिसने देश को बढ़ाया और गरीबों की जिंदगी संवारी उसी मोदी सरकार को लाने की है तीसरी बार तैयारी: मनीष जायसवाल:** पतरातू क्षेत्र में तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की जिसने महज 10 सालों में ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते हुए आगे बढ़ाया और गरीबों एवं जरूरतमंदों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जिंदगी संवारी, उसी मोदी सरकार को लाने की यह तीसरी बारी है और देश के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की पूरी तैयारी है। मौके पर रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, राधेश्याम अग्रवाल, सरदार अनमोल सिंह, प्रो संजय सिंह, भुरकुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सरिता ठाकुर, रंजन सिंह फौजी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय सिंह, दिनेश प्रसाद, डब्लू पांडेय, सुरेंद्र करमाली, कुमेल उरांव, सुखदेव प्रसाद, पतरातू भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, पतरातू के आजसू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, सोशल मीडिया प्रभारी रामगढ़ संतोष कुमार शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष किशोर महतो, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, पंकज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने पहुंची झासा की टीम, दोनों पक्षों से की बात

# डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मी का हो ट्रांसफर: झासा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सा के साथ बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा किया गया दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने इस मुदे को गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन से बड़ा बाबू नकी अहमद को दूसरे जिले में तबादला करने की मांग की है। गुरुवार को झासा की राज्य कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ पहुंचा। टीम ने 18 अप्रैल को मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले की जांच की। प्रतिनिधिमंडल में झासा के राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह, झासा के राज्य सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, झासा के पूर्व सचिव सह संस्थापक सदस्य डॉ बिमलेश सिंह, झासा के राज्य उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, झांसा के राज्य संयोजक डॉ शमीम अख्तर, कोषाध्यक्ष डॉ स्टीफेन खेस, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने किया।

**दोनों पक्षों से प्रतिनिधिमंडल ने की वार्ता :** प्रतिनिधिमंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू जाकर 18 अप्रैल को हुई घटना की जानकारी ली। टीम ने घटना के दौरान मौजूद सभी चिकित्सक से अलग-अलग मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल कर्मी बीडीएम से भी जानकारी ली। साथ ही पीडित महिला दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह व आरोपी बड़ा बाबू सैयद नकी अहमद से भी से पूरी घटना की जानकारी ली। घटना को अप्रिय व निंदनीय बताया।

**आरोपी बड़ा बाबू नकी अहमद ने महिला चिकित्सक से अशिष्टता किया है: डॉ पीपी साह :** डॉ पीपी साहा ने कहा कि झासा ने महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना को गंभीरता से लिया है। टीम की जांच में भी बडा बाबू के द्वारा दुर्व्यवहार की पुष्टि हुई है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण में गंभीर मामला है। झांसा महिला चिकित्सक के साथ हर तरह से सहयोग के लिये खड़ा है। महिला चिकित्सक मामले को लेकर काफी आहत हैं। उनके द्वारा आरोपी बडा बाबू पर मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

**जांच रिर्पोट डीआईसी व स्वास्थ्य सचिव को भी दिया जायेगा: डॉ मृत्युंजय:** झांसा सचिव डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि झासा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा घटना का रिर्पोट निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें व झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को भी सौंपा जायेगा। डॉ सिंह ने कहा कि झासा रामगढ़ उपायुक्त व सीएस रामगढ़ के द्वारा आरोपी बडा बाबू को तत्काल निलंबन व विभागीय कार्रवाई करने के लिये आभार जताया है। साथ ही कहा कि जांच में यह भी पुष्टि हुआ है कि बडा बाबू नकी अहमद का मांडू अस्पताल में काफी दबिश है। बताया कि महिला चिकित्सक बेटी के साथ कैंपस में रहती है। उनकी सुरक्षा को लेकर निलंबित बड़ा बाबू का मुख्यालय रामगढ से हटाकर प्रदेश के अन्य किसी जिला में करने की मांग झासा स्वास्थ्य सचिव व डीआईसी से करेगा। झासा हर प्रकार से महिला चिकित्सक के साथ खड़ा है।

### चिकित्सक और प्रधान लिपिक के बीच उभरे विवाद की जांच करने पहुंची टीम

**मांडू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांडू में गुरुवार को झारखंड स्वास्थ्य सेवा संगठन (झासा) के आठ सदसीय टीम ने डॉ जेनी सिंह और प्रधान लिपिक सैयद नक्की अहमद के बीच हुई विवाद की जांच करने अस्पताल पहुंचे। इस दौरान झासा अध्यक्ष पीपी शाह ने केन्द्र के प्रभारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा से घटित घटना की जानकारी लिया। साथ ही मौजुद टीम के सदस्यों ने बारी बारी से केंद्र में कार्यरत चिकित्सक और कर्मियों से पूछताक्ष कर सभी का बयान कलमबद्ध किया। वही दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह और प्रधान सहायक सैयद नक्की अहमद से अलग अलग घटित घटना के बारे में भी पूछताछ किये। इस संबंध में झासा के टीम से पूछने पर उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर ली गयी है। जिसकी रिपोर्ट सिविल सर्जन को सौंप दी जायेगी। झासा के टीम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ स्टीफन, डॉ बिमलेश सिंह, डॉ शमीम, डॉ विकाश, डा प्रदीप सिंह सहित केंद्र के सभी चिकित्सक व कर्मी मौजुद थे।

## स्वास्थ्य केंद्र और पीडीएस दुकान में चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल कुजू में इन दिनों चोरों ने आतंक मचा रखा है। एक रात में दो-दो अलग जगहो पर चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी है। ओपी क्षेत्र के नया बाजार टांड, कुजू स्थित पीडीएस दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान में रखें अनाज पर हाथ साफ किया। मामले को लेकर भुक्तभोगी पीडीएस दुकान संचालिका वीणा देवी पति स्व कालीचरण अग्रवाल ने ओपी में आवेदन दी है। कहा कि अपने आवास के पीछे दुकान में बुधवार को लाभुको के बीच राशन बांटने के बाद दुकान को बंद कर अपने घर चली गयी। सुबह दुकान खोलने पहुंची तो देखा कि दुकान का ताला टुटा हुआ है। साथ ही, छानबीन करने पर पता चला कि दुकान से चोरों द्वारा 9 बोरा चावल व दो बोरा गेहूं की चोरी कर ली गयी है। उन्होंने मामले को लेकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर, ट्रांसपोर्ट नगर कुजू स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में भी चोरों ने ताला तोड़कर कई मशीन व दवाईयां की चोरी कर लिया है। मामले को लेकर केंद्र में कार्यरत एसीएचओ डॉ दीपिका मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। छानबीन करने पर पता चला कि शुगर मॉनिटर मशीन, ब्लड प्रेशर मशीन, दवाईयां आदि गायब है। उन्होंने मामले को लेकर कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर ,कुजू पुलिस ने उप स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र में उच्चतम क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए नोटिस पत्र दिया है।


## शपथ पत्र

मैं, बिरसी बरला, पति-लाला होरो, निवास ग्राम- डेहकेला, पो.-गोविन्दपुर रोड, थाना- कर्रा, जिला- खूँटी, झारखण्ड. यक कि मै उपरोक्त पता का निवासी हूँ शपथ पत्र संख्या-688, दिनांक-24.04.2024 के माध्यम से सूचित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड सं. -400748517348 में मेरा नाम BIRSI BARLA एवं जन्मतिथि-01/01/1951 ई. अंकित है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम BIRSHI BARLA एवं वास्तविक जन्मतिथि-02/03/1946 ई. है। जो सभी कार्यो के लिए मान्य होगा।

## खोया - पाया

शपथ पत्र के अनुसार क्र. संख्या - 523, दिनांक 11.03.2024, मै शंकर कुमार भोगता, पिता - श्री महाबीर भोगता निवासी - ग्राम - बिरसा नगर, धमधमिया, पो0- खलारी, थाना - मैक्लुस्कीगंज, जिला - राँची, राज्य झारखण्ड शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि यह कि मैंने वर्ष 2017 में सरस्वती विद्या मंदिर, करकट्टा से मैट्रिक की परीक्षा सी0 बी0 एस0 ई0 बोर्ड से पास किया हुँ। जिसमें मेरा रोल नं0 7264877 स्कूल नं - 52023 है। यह कि मेरे उक्त परीक्षा का अंक पत्र एवं एडमिट कार्ड फोटो कॉपी कराने के दरम्यान दिनांक 06-01-2024 को कही खो गया है।

यह कि बहुत खोज बीन करने के बावजुद भी उपरोक्त कागजात मुझे नही मिल पाया है न हीं किसी अधिकृत व्यक्ति के द्वारा उसे जब्त किया गया है।

यह कि यह शपथ में उपरोक्त बातों के स्पष्टिकरण तथा उसे दुबारा प्राप्त करने / अंतर्गत करवाई हेतु सम्पादित कर रहा हुँ

# डीजीसीए का नया सर्कुलर

एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए की ओर से मंगलवार को जारी किया गया वह सर्कुलर यात्रियों की सुविधा के लिहाज से खासा अहम है, जिसके मुताबिक अब एयरलाइन कंपनियों के लिए 12 साल से कम उम्र के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावक के पास ही सीट अलॉट करना अनिवार्य हो गया है। यह कदम हवाई यात्रा को आसान, सुविधाजनक और तनावरहित बनाने की दिशा में बेहद उपयोगी होगा। असल में कई एयरलाइन कंपनियों की अघोषित नीति के चलते यह मसला सामान्य हवाई यात्रियों की असुविधा की एक बड़ी वजह बना हुआ था। डीजीसीए को यात्रियों की काफी शिकायतें मिल रही थीं। मामला उन यात्रियों से जुड़ा है, जो अतिरिक्त शुल्क के भार से बचने के लिए पहले ही सीट लोकेशन निर्धारित करने का विकल्प नहीं चुनते। आम तौर पर एयरलाइन कंपनियां आखिरी पलों में ऐसी तमाम सीटें अनियोजित ढंग से आवंटित कर देती हैं। इस क्रम में अक्सर छोटी उम्र के बच्चों की सीटें परिवार के अन्य सदस्यों की सीटों से दूर पड़ जाती हैं। लिहाजा यात्रा के दौरान उन बच्चों की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का ख्याल रखना परिवार के लिए मुश्किल हो जाता है। ध्यान रहे, यह सिर्फ भारत की बात नहीं, बल्कि एविएशन इंडस्ट्री में दिखने वाला एक वैश्विक ट्रेंड है। अमेरिका में पिछले साल खुद राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस समस्या की ओर ध्यान खींचते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा था कि कुछ एयरलाइंस उन पैरेंट्स से अतिरिक्त शुल्क लेती हैं जो उड़ान के दौरान अपने बच्चों के साथ बैठना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं भी ऐसा नहीं होना चाहिए। जाहिर है, इस ट्रेंड के पीछे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को सीट लोकेशन चार्ज देने के लिए तैयार करने की इच्छा छुपी हुई है। हालांकि एविएशन इंडस्ट्री में एयरलाइन कंपनियों की लागत एक बड़ा मसला है। लेकिन इसका हल इस तरह के चलन में तलाशना कहीं से भी प्रोफेशनल नजरिया नहीं कहा जायेगा, जिससे जाने अनजाने यात्रियों के फ्लाइट एक्सपीरिएंस की क्वॉलिटी प्रभावित होती हो। खास कर भारत जैसे देश में यह चलन अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है, जहां सिविल एविएशन सबसे तेजी से फलती-फूलती इंडस्ट्री के रूप में उभर रहा है। आंकड़े बताते हैं कि यह सेक्टर कोविड 19 महामारी के झटके को काफी पीछे छोड़ चुका है। यहां एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गये हैं। माना जा रहा है कि अगर यह ट्रेंड जारी रहा तो भारत साल के आखिर तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन जायेगा।

**आंकड़े बताते है कि यह सेक्टर कोविड 19 महामारी के झटके को काफी पीछे छोड़ चुका है। यहां एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीवन प्रत्याशा में तेज वृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध होने के बावजूद, विभिन्न जीवन बीमा कंपनियां 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए जीवन बीमा कवर देने से इनकार कर रही थीं। लेकिन मौजूदा पॉलिसी धारकों को भारी कीमत पर और पहले से मौजूद बीमारियों सहित कई बहिष्करणों के साथ विस्तार की अनुमति दी गयी थी। उदाहरण के लिए, कोई मधुमेह से पीड़ित है, तो बीमा कवर में इससे जुड़ी बीमारियां शामिल नहीं होंगी। इसीलिए नयी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों की खरीद पर आयु प्रतिबंध को समाप्त करने का भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) का हालिया निर्णय बहुत स्वागत योग्य है।**

# बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के विस्तार का स्वागत

**विपिन पब्बी**

भले ही हम दुनिया के सबसे युवा देश होने पर गर्व करते हैं, दुनिया की औसत आयु 27 वर्ष है, जिसका अर्थ है कि हमारी आधी आबादी 27 वर्ष से कम उम्र की है, फिर भी ज्यादा समय नहीं लगेगा जब औसत आयु बढ़ने लगेगी और जनसंख्या वृद्ध हो जायेगी। 2021 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत की केवल 8.6 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक आयु की थी। 2020 में प्रकाशित सरकार के लांगिच्यूडनल एजिंग स्टडी इन इंडिया के अनुसार, 2050 में यह अनुपात बढ़ कर 19.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

इसका मतलब यह होगा कि 2050 में बुजुर्गों की आबादी 103 मिलियन से तीन गुना बढ़ कर 319 मिलियन हो जायेगी। जाहिर तौर पर जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जायेगी, वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी और एक समय आयेगा जब हम सबसे बुजुर्ग लोगों में से एक होंगे। अध्ययन में कहा गया है कि उम्रदराज आबादी का मतलब स्वास्थ्य और दीर्घकालिक देखभाल पर खर्च में वृद्धि, श्रम बल की कमी और बुढ़ापे में आय असुरक्षा होगी। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, पोषण और जागरूकता के परिणामस्वरूप देश में जीवन प्रत्याशा 1950 में 35.21 वर्ष से बढ़ कर 2022 के नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 70.19 वर्ष हो गयी है। भविष्य में इसमें वृद्धि होना तय है।

**2050 में बुजुर्गों की आबादी 103 मिलियन से तीन गुना बढ़ कर 319 मिलियन हो जायेगी।**



वही अध्ययन जिसमें 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या में 19.5 प्रतिशत की तेज वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, यह भी बताया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को प्रभावित करने वाली सबसे प्रमुख बीमारी हृदय से संबंधित है। इसके बाद उच्च रक्तचाप (32 प्रतिशत), पुरानी हड्डी या जोड़ों के रोग (19 प्रतिशत) और मधुमेह (13.2 प्रतिशत) का स्थान आता है। यह खुशी की बात है कि वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान दिया जा रहा है।

जीवन प्रत्याशा में तेज वृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध होने के बावजूद, विभिन्न जीवन बीमा कंपनियां 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए जीवन बीमा कवर देने से इनकार कर रही थीं। लेकिन मौजूदा पॉलिसी धारकों को भारी कीमत पर और पहले से मौजूद बीमारियों सहित कई बहिष्करणों के साथ विस्तार की अनुमति दी गयी थी। उदाहरण के लिए, कोई मधुमेह से पीड़ित है, तो बीमा कवर में इससे जुड़ी बीमारियां शामिल नहीं होंगी। इसीलिए नयी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों की खरीद पर आयु प्रतिबंध को समाप्त करने का भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) का हालिया निर्णय बहुत स्वागत योग्य है।

अधिकतम आयु प्रतिबंधों को समाप्त करके, बीमा नियामक का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य प्रणाली प्रदान करना है, जिससे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नियामक ने बीमा कंपनियों से यह भी कहा है कि वे किसी भी प्रकार की पहले से मौजूद चिकित्सा स्थिति वाले व्यक्तियों को भी स्वास्थ्य पॉलिसी कवर प्रदान करें। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा को शामिल किया जाना भी स्वागत योग्य है। पार्टी ने वादा किया है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे में लाया जाएगा।

यह योजना लाभार्थियों को 5 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है और यह आश्वासन कि यह योजना 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए विस्तारित की जायेगी, चाहे वे गरीब हों, मध्यम वर्ग या उच्च वर्ग हों, बहुत स्वागत योग्य है। वर्तमान में लाभार्थियों की पहचान 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना से विशिष्ट अभावों और व्यावसायिक डेटा का उपयोग करके की जाती है। और कई विकसित देश वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर प्रदान करते हैं और भारत में भी सरकारी कर्मचारियों और रक्षा सुरक्षा सेवाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लोगों को पेंशन और स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। हालांकि, आबादी का एक बड़ा हिस्सा वंचित रहता है और वृद्धावस्था में किसी भी स्वास्थ्य घटना के लिए बचत इन लोगों के बीच सबसे गंभीर चिंता का विषय है। कभी-कभी चिकित्सा देखभाल की उच्च लागत को पूरा करने के लिए जीवन भर की सारी बचत समाप्त हो जाती है।

वही अध्ययन जिसमें 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या में 19.5 प्रतिशत की तेज वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, यह भी बताया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को प्रभावित करने वाली सबसे प्रमुख बीमारी हृदय से संबंधित है। इसके बाद उच्च रक्तचाप (32 प्रतिशत), पुरानी हड्डी या जोड़ों के रोग (19 प्रतिशत) और मधुमेह (13.2 प्रतिशत) का स्थान आता है। यह खुशी की बात है कि वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान दिया जा रहा है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियों द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य पॉलिसियां उचित मूल्य वाली और किफायती हों अन्यथा योजना की पूरी भावना ही समाप्त हो जायेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने जागरूकता सत्र के साथ मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक प्रभावी जागरूकता सत्र के साथ समारोह का आयोजन किया। समारोह में अथिति के तोर पर पूर्वी सिंहभूम जिले के सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी,जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. मित्रा, जेएनएससी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार, टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पाण्डेय उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम मे 290 व्यक्तियों की उत्साही भागीदारी मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में समुदाय के प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर मलेरिया के रोकथाम, उपचार और बीमारी को खत्म करने में सामुदायिक कार्रवाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाया गया। मौके पर जानकारीपूर्ण सत्रों और रोचक चचाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को मलेरिया के खिलाफ अपने समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान प्रदान किया गया। जेएनएससी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील यूआईएसएल जैसे संगठनों द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाना खुशी की बात है। अगर सभी साथ मिलकर मलेरिया मुक्त के लिए अभियान चलाए तो भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर आ सकते हैं। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों और हितधारकों के प्रति कृतज्ञता जताया। उन्होंने कहा कि हमारा समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता व्यापार से परे है। जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देने से सभी के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं। उन्होंने कहा टाटा स्टील यूआईएसएल सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलुओं का समर्थन करती है। जिन समुदायों की सेवा करती है उनमें सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करती है।

# फल और पूजा सामग्रियां बेचनेवाले के बेटे ने जेईई मेंस में की सफलता हासिल

आदित्यपुर(आजाद सिपाही)। आदित्यपुर थाना रोड के फुटपाथ पर फल दुकान व पूजा सामग्रियां बेचनेवाले मनोज सोनकर के बड़े बेटे हरीश सोनकर ने जेईई मेंस में सफलता हासिल की। गुरुवार को परिणाम जारी होते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। डीएवी बिष्टुपुर के छात्र हरीश ने कभी कोई कोचिंग नहीं ली। उन्होंने सेल्फ स्टडी और अनुशासन को अपनी सफलता का राज बताया। उन्होंने कहा माता- पिता उसके आदर्श हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के बाद भी माता-पिता ने उसके साथ अन्य दो भाई बहनों को अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा के साथ अच्छी तालीम देने का प्रयास केकहै। उन्होंने सिवल सर्विसेज में जाने की बात कही। उन्होंने कहा बीटेक करते हुए सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगे। फिलहाल कम्प्यूटर साइंस या प्रोडक्शन ब्रांच में एडमिशन लेने की तैयारी होगी। उन्होंने ऑल इंडिया रैंकिंग में 1 लाख 93 हजार 226 वां रैंक हासिल की है। हरीश का एक छोटा भाई विश्वनाथ सोनकर डीएवी एनआईटी में 12 वीं का छात्र है। जबकि बहन महिमा सोनकर भी डीएवी एनआईटी में 10 वीं की छात्रा है। दोनों पढ़ने में काफी होनहार हैं। तीनो के परवरिश में पिता ने कोई कसर नहीं छोड़ी।छोटी सी दुकान से पूरे परिवार का भरण- पोषण करते हुए अच्छी तालीम देना वाकई में परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# अंग्रेजी शराब बेचते एक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के तिरुलडीह पुलिस ने राशन दुकान की आड़ में अंग्रेजी शराब की बिक्री करते दुकानदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार किये गए आरोपी मानकीडीह का राहनेवाले शिवराम गोप है।गुरुवार को जानकारी देते हुए तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद्र महतो ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी मानकीडीह निवासी शिवराम गोप अपने घर में राशन दुकान की आड़ में अंग्रेजी शराब की बिक्री करता है। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन कर कारवाई करते हुए शिवराम गोप के



दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 42 बोतल बीयर बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर ली। जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्राभारी ने बताया अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# पल्सर में अचानक आग लगने से मची अफरा-तफरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में तापमान लगभग 43 डिग्री पर है। उधर भीषण गर्मी में आम जनमानस की परेशानी भी बढ़ने लगी ही। गुरुवार को साकची जलेबी लाइन मे अचानक एक खडी पल्सर बाईक मे आग गयी। आगजनी से बाजार में अफरा



तफरी मच गयी। मौके पर आग की लपटों को देख आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गये। इस बीच अग्निशमन विभाग को आगजनी की सूचना दी गयी। वही पल्सर बाइक सवार युवक ने बताया कि कुछ ही देर में संजय मार्किट से जलेबी लाइन पहुचे। अचानक गाड़ी से धुंआ निकलने लगी। उसके बाद पल्सर बाईक धू धू कर जलने लगी। आगजनी की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के अधिसूचना जारी होने की तिथि 29 अप्रैल को है। वही प्रत्याशियों के नाम वापसी 09 मई,मतदान तिथि 25 मई को निर्धारित है। लोकसभा चुनाव में ईवीएम रिसिविंग सेंटर के रूप में कॉपरेटिव कॉलेज को चिन्हित किया गया। जहां 04 जून को लोकसभा चुनाव के मतगणना होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जिले में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी के साथ सम्पन्न कराने के लिए पहल शुरू कर दी। गुरुवार को उन्होंने ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा वार भौतिक रूप से कार्य प्रारंभ कर दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कीताडीह स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचकर उक्त कार्य का अवलोकन किया। मौके पर स्थानीय राजनीतिक दलो के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने कहा 24 से 28 अप्रैल तक सभी ईवीएम भौतिक रूप से अलग-अलग करते हुए छह विधासनभा क्षेत्र के संबंधित स्ट्रॉग रूम में रखे जायेंगे। पूरी प्रक्रिया के वीडियोग्राफी कराने का भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग के



दिशा-निर्देश में निर्वाचन संबंधित सभी कार्य समय से पूरा कर लिया जायेगा। दूसरा रैंडमाइजेशन 10 मई को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम आवंटित की जायेंगी। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, एसडीओ धालभूम श्रीमती पारूल सिंह,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो समेत अन्य सभी एईआरओ उपस्थित रहे।

# जेइइ मेंस-2024 में नारायणा के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश की अग्रणी इंजिनियरिंग और मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी. नीट एकेडमी जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. मेन-2024 में अपार सफलता अर्जित की। जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेंटर में रिजल्ट जांच तक 153 छात्र सफल हुए। जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। उन्होंने कहा




जे.ई.ई.मेन-2024 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से टॉप 10 में 6 छात्र व टॉप 12 में 7 छात्रों ने रैंकों पर अपना कब्जा जमाया। श्री भूषण ने बताया छात्र-छात्राए आगामी जे.ई.ई. 2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आई.आई.टी.नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक,कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है,बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कराती है।जमशेदपुर सेंटर प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित करती है, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर रैकिंग का पता चलता है।

# वंचितों-शोषितों के नेता हैं कामेश्वर बैठा, जीत होगी पक्की : शिवकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** पलामू लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा वंचितो-शोषितों के नेता हैं, चुनाव में जीत पक्की होगी उक्त बातें पार्टी के प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्री बैठा झारखंड-बिहार में शोषितों वंषितों के लिए लंबे समय तक लड़ाई लड़ी है। श्री बैठा बसपा के टिकट पर सर्वप्रथम 2007 में पलामू लोकसभा से चुनाव लड़े थे, तब भाजपा और राजद को कड़ी टक्कर दी थी। उसी जनाधार के बदौलत 2009 में वे सांसद बने थे। शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बसपा का कैडर पर आज भी मजबूत पकड़ है। कामेश्वर बैठा के मैदान में आने से कार्यकर्ताओं का जोश दो गुना हो गया है। सर्वजन समाज के हितों की बात करने वाली पार्टी बसपा को चुनाव में अपार समर्थन मिल रहा है, जिससे पार्टी प्रत्याशी की जीत पक्की होगी।

# बीडीओ पर मारपीट करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** राजस्व उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने नशे में धुत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर गढ़वा उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में दर्शाया है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में कर्मचारी आवास में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे है। बीते मंगलवार की रात्रि करीब 11:30 बजे प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरे आवास के मुख्य दरवाजा को तोड़कर निवास कक्ष में घुसकर नशे की हालत में गाली गलौज करते हुए मारपीट किये। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बीडीओ ने सर्विस खराब करने, इलेक्शन ड्यूटी के नाम पर फंसाने और एसी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दिया है। इन सभी घटनाओं को अपने अंचल कर्मियों के साथ इसकी सूचना अपर समाहर्ता और वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर बीते बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर ने जांच किये। जांच के दौरान भी प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मारपीट करने की धमकी अनुमंडल पदाधिकारी के सामने दिया गया। जिसको लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से उचित कारवायी करते हुये अन्य अंचल में स्थानांतरण करने की मांग की है। और किसी भी तरह की घटना होने पर जिला प्रशासन को जवाबदेही बताया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर मारपीट की घटना को लेकर जांच कर अग्रेतर कारवायी के लिये जिला को पत्राचार किया गया है।




विशुनपुरा मार पिट को लेकर जांच करते बंशीधर नगर एसडीओ

## डीइओ की राज्य अनुश्रवण दल की टीम के साथ बैठक



गढ़वा(आजाद सिपाही)। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार की अध्यक्षता में राज्य अनुश्रवण दल के टीम के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मियों ने भाग लिया। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी कामेश्वर सिंह, जितेंद्र कुमार और अजीत कुमार के द्वारा प्रयास, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में सत्र2024 एवम 25 में विद्यालय के छात्र छात्राओं का वर्ग प्रोन्नति, विद्यालय परिवर्तन के क्रम में शत प्रतिशत ट्रांजिशन करने का दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पांडेय, शंभू दत्त मिश्रा, राकेश कुमार, पंकज कुमार पांडेय, लेखा पदाधिकारी अभिमन्यु तिवारी, शैलेंद्र पांडेय, नीरज सिंह सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

# महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति किया गया जागरूक

## पीएम जीवन ज्योति बीमा के नॉमिनी को दिया गया दो-दो लाख रुपये का चेक

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** पश्चिम पंचायत सचिवालय के बगल स्थित सामुदायिक भवन में स्वयंसेवी संस्था अग्रगति इंडिया द्वारा वित्तिय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवी अग्रगति संस्था का परिचय के साथ- साथ वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। इस दौरान सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, साइबर क्राइम से संबधित जानकारी देते हुए डिजिटल लेन देन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाना गांव के बीमा धारक के असामयिक निधन के पश्चात उनके नॉमिनी उपेंद्र उराव और अरंगी की मंजू कुंवर को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का दो-दो लाख रुपये का चेक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेराल के शाखा प्रबंधक उज्जवल कुमार, संस्था के सीएफएल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रूपेश कुमार ठाकुर, मेराल सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा के द्वारा प्रदान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सीएफएल प्रशिक्षिका अंजू कुमारी, सीमा कुमारी, मनीष वैद्य, पीआरपी समीना, बैंक सखी उर्मिला कुमारी, शहनाज बानो, रीता कुमारी, रानी देवी, अनीता भारती जेएसएलपीएस के डीपीएम, बीपीएम, सीसी के साथ कई लोग शामिल थे।

# आरएमडी सेल ऑफिस के पास महिला का शव मिलने से सनसनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** आरएमडी सेल टाईम ऑफिस के समीप गुरुवार की सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शौच के लिये गये स्थानीय लोगों ने टाईम ऑफिस के समीप पेड़ के नीचे महिला को मृत अवस्था में देखा। जिसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गयी। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते देखे गये। उधर घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सेल टाईम ऑफिस के पास स्थित पेड़ के नीचे एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस सभी पहलू की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। जानकारी के अनुसार शव बरोडीह ग्राम के चंपा देवी पति प्रमोद चौधरी का बताया जा रहा है।

## तेज आंधी और बारिश से बेबी देवी का लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बीते मंगलवार के शाम में आये तूफान और बारिश में भवनाथपुर पंचायत अंतर्गत ढेकुलीया टोला निवासी बेबी देवी पति संतोष सोनी का अल्बेस्टर सीट से छाया हुआ मकान छतिग्रत हो गया। तेज तूफान के कारण घर के ऊपर छाया हुआ 24 पीस अलबेस्टर, 12 पीस पाईप तूफान से उड़ कर घर से 20 मीटर दूर जा कर टूट कर छतिग्रस्त हो गया। साथ ही बारिश के कारण घर में रखा एक क्विंटल चावल, आटा और जरूरी कागजात भिंग कर खराब हो गया। इस संबंध में पीड़ित बेबी देवी ने बताया की तेज आंधी व बारिश से लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने पीड़ित परिवार के घर जाकर मामले की जानकारी लिया तथा पीड़िता से सीओ को आवेदन दिलवा कर आपदा के तहत मदद दिलाने का आश्वासन दिलाया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर पद यात्रा निकाली गयी




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को जागरूक करने को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास के नेतृत्व में सभी कर्मियों द्वारा पद यात्रा निकाला गया। पद यात्रा सीएचसी परिसर से मुख्य बाजार होते कपूरी चौक और पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक वापस आए। इस मौके पर लोगों से मलेरिया से बचने का उपाय की जानकारी देते हुए रंजन दास ने बताया की मलेरिया बुखार अधिकतर गंदे जलजमाव के जमा पानी से मच्छरों के काटने से यह बीमारी फैलती है। जिसके काटने से मलेरिया जैसी बीमारी होती है। मच्छर से बचाव के लिए घर तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दे। कहा कि हालांकि बीते तीन वर्षों में मलेरिया के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने काफी काम किया है, लोगों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण के साथ साथ लोगों के जागरूक करने से काफी मलेरिया बीमारी में कमी आयी है, और और वैसे क्षेत्रों का लगातार निगरानी टीम के द्वारा किया जाता है। आने वाले समय में मलेरिया से बिल्कुल मुक्त किया जायेगा। इस मौके पर मलेरिया टीम के विद्यानंद प्रजापति, जी प्रसाद, धर्मजीत पासवान, अनुज कुमार, सभी सीएचओ, बिटिटी व सहिया शामिल थे।

# युवती की आत्महत्या मामले में आया नया मोड़, पुलिस ने दो युवकों को भेजा जेल



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तेनार गांव में तीन दिन पहले एक युवती द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनो तथा गांव वालों के दबाव के बाद युवती के प्रेमी के स्वीकारोक्ति बयान के बाद प्रेमी तथा उसके एक सहयोगी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपियों पर भादवि की धारा-302, 376 (डी) (ए) / 120 (बी) और 6 पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रंजन कुमार 19 वर्ष पिता दशरथ राम तथा विजय बैठा पिता रामचंद्र बैठा को जेल भेज दिया गया है। बता दें कि बीते रविवार की देर शाम में तेनार गांव के शिव कुमार बैठा की पुत्री पुष्पा कुमारी (काल्पनिक नाम) 14 वर्ष की शव अपने ही घर में फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया गया था। गांव वालों के अनुसार जब युवती के माता-पिता किसी रिश्तेदार के घर शादी विवाह में गए थे इसका फायदा उठाकर प्रेमी ने उसके घर घुसा था, इसके बाद युवती का शव देर रात्रि में फंदे से झूलता हुआ पाया गया था। थाना पुलिस सभी दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

# नितेश सिंह पर हमें गर्व हैं : कोरवा समाज

आजाद सिपाही संवाददाता



फूलमानी को आशीर्वाद देते नितेश सिंह और उनकी पत्नी पिंकी देवी सिंह

**रंका।** गढ़वा जिला 20 सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने गरीब लड़की की शादी धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ कराकर अच्छा काम किया है। इसलिए तो कोरवा समाज का कहना है कि नितेश सिंह पर उन्हें गर्व है। इस शादी में झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री व गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर भी शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। बताते चलें कि नितेश सिंह ने बरवाडीह पंचायत अंतर्गत सिगसिगा खुर्द गांव निवासी रामसकल कोरवा की पुत्री फूलमानी कुमारी को बचपन से ही अपने घर बेटी की तरह रखकर पालन पोषण किया। जब फूलमानी शादी योग्य हुई तो नितेश सिंह और उनकी मुखिया धर्मपत्नी पिंकी देवी सिंह अपने घर बरवाडीह से ही फूलमानी की कन्यादान करना चाहते थे। किंतु फूलमानी के पिता व परिवारजनों की रजामंदी से फूलमानी की शादी रमना थाना के ग्राम बुल्का निवासी स्व० विरन कोरवा के पुत्र शिव शंकर कुमार के साथ 24 अप्रैल को सिगसिगा खुर्द अपने घर से ही संपन्न हुई और मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित जिले के हजारों की संख्या में गणमान्य अतिथियों ने इस अद्भुत शादी के साक्षी बनें। जिसमें नितेश सिंह ने अपनी राजशाही व्यवस्था व खुशी में कोई कसर नही छोड़ा जिसकी सराहना करते लोग नहीं थक रहे थे। इस शादी में कोरवा समाज के महिला पुरुष युवक युवतियां बच्चे बच्चियों में काफी गजब का उत्साह देखने को मिल रहा था। लोगों का कहना था कि जिस प्रकार फूलमानी ने बेटी की तरह सेवा की उससे बढ़ कर नितेश सिंह ने पिता की तरह अपना फर्ज को निभाने का काम किया जो समाज के लिए एक प्रेरणा है। इस मौके पर शिक्षक मुद्रिका मांझी, शिक्षक विगन मांझी सहित कोरवा समाज के साथ साथ सर्व समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल थे।

## पत्रकार के बड़े भाई का निधन, शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक मोती बाबू की फाइल फोटो।

**कांडी।** पलामू कलेक्ट्रेट से सेवा निवृत्त प्रधान सहायक सह कांडी के अधौरा गांव निवासी मोती बाबू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। अपने रांची स्थित आवास पर मंगलवार की देर शाम 7.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव निवासी सेवानिवृत्त रेंज अफसर स्वर्गीय ठाकुर कमला प्रसाद सिन्हा के पुत्र, रिटायर एलडीएम ललित मोहन प्रसाद के छोटे भाई, पत्रकार प्रियरंजन एवं राम रंजन के बड़े भाई तथा पत्रकार आशुतोष रंजन के बड़े पिता प्रतिभा रंजन प्रसाद उर्फ मोती बाबू का आकस्मिक निधन हो गया। राजस्व संबंधी मामलों के जानकार व मिलनसार व्यक्ति के अचानक निधन को लेकर मोहल्ले व गांव में मातम पसरा है। वह पलामू कलेक्ट्रेट के विभिन्न प्रभागों में बतौर प्रधान सहायक वर्षों तक पदस्थापित रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पलामू के चैनपुर एवं गढ़वा जिला के भवनाथपुर अंचल में भी सेवा दी थी। अचानक वह संज्ञाहीन हो गए। उन्हें तत्काल एचईसी पारस हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले कई घंटों में परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बतौर पदाधिकारी पदस्थापित उनका पुत्र अमिताभ रंजन परिवार सहित सेवा विमान से रांची पहुंचा। छोटी लड़की भी दिल्ली से सेवा विमान से रांची आयी। इधर सभी भाई और परिवार के अन्य सदस्य रांची पहुंच गये। इसके बाद बुधवार को तीसरे पहर स्वर्णरेखा नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुत्र अमिताभ रंजन ने पिता को मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे छः भाई व उनका परिवार, पत्नी, पुत्र, पुत्री और नाती पोतों से भरा हुआ परिवार छोड़ गये हैं। मोती बाबू के निधन पर कई अधिकारियों व सहकर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## थाना प्रभारी ने 32 मवेशियों को गत रात्रि अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों के बीच किया वितरण

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के परती कुशवानी के अमवाडीह गांव में गत रात्रि गौ तस्करों द्वारा काफी संख्या में मवेशी से भरा वैन दुसरे जगह ले जाने की फिराक में थे। स्थानीय लोगो ने देखा की रात के करीब एक दो बजे बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाया जा रहा था। तत्काल इसकी सूचना तत्काल केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णमाल को दिया। सूचना प्राप्त होते ही केतार थाना प्रभारी शीघ्र अपने दल-बल के साथ लैस होकर घटना स्थल पर पहुंच कर सभी पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया। इधर पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकलने में सफल रहे। उक्त स्थल पर लगभग 30-32 की संख्या में पशु पाये गये। सभी पशुओं को थाना प्रभारी ने अपने देख-रेख में वहां के ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिये। थाना प्रभारी वर्णवाल ने कहा की यदि किसी भी ग्रामीणों को इस तरह का सूचना मिलता है तो वे तुरंत थाना को सूचित करें ताकि उचित करवाई की जा सके इसमें आपका नाम उजागर नहीं किया जायेगा।

# तेज आंधी तूफान में कोचेया स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर लगे सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। तेज आंधी तूफान में बीते मंगलवार को कोचेया गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर लगे सोलर पलेट उड़ कर छतिग्रस्त हो गया। मेजर्स लालबच्चा पेट्रोल पंप के मालिक गौरव प्रताप देव ने बताया की पिछले दिनों आयी अचानक तेज आंधी तूफान में पेट्रोल पंप को काफी नुकसान हुआ है। सोलर पैनल छतिग्रस्त हो जाने से बिजली के अभाव में पेट्रोल पंप बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि इस तूफान से लगभग 7 लाख रु की नुकसान हुआ है।

# निर्वाचन कार्य को लेकर गठित कोषांगों के संपादित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गठित सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों और अबतक की गई कार्रवाईयों के निमित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर उनके सेल अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गयी। इनमें मुख्य रूप से पसोर्नेल सेल, कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं ई वी एम मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, और कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल और डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की बारी-बारी कर बिंदुवार समीक्षा की गयी। निर्वाचन कार्यों में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता को लेकर भी सभी संबंधित नोडल पदाधिकारियों से पूछी गयी। 1950 के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं कंट्रोल रूम के डायल 112 पर आने वाली शिकायतों के बारे में पूछी गई तथा इसके विरुद्ध किये गये कार्रवाई से अवगत होने का कार्य किया गया। सी एचपी और पीएचसी में चिकित्सकों की अद्यतन स्थिति के बारे में पुछी गई एवं आवश्यक निदेश दिए गयें। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, रुद्र प्रताप और अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थें।

# विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 में विद्यालय स्तरीय टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, अभिभावक ब्रजेश कुमार चौबे, गिरजा शंकर पांडे, शशि मोहन चौबे, रवि शंकर सिंह, राकेश कुमार सिंह और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक कुमार सिंह ने कहा कि लेबर नेवर गोज इन भेंन। आप सभी भैया-बहन मेहनत करके परचम लहराया जो परिवार विद्यालय और समाज के लिए गौरव की बात है। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी भैया-बहन ने कठिन परिश्रम करके विद्यालय का नाम रौशन किया। आप सभी भैया-बहन इसी तरह आगे भी परचम लहराते रहे।

प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष जो भैया-बहन 97% से ऊपर अंक लायेंगे उन्हें अपने तरफ से 5000 रुपये की राशि तथा आचार्य सुजीत कुमार दुबे की तरफ से भी 5000 रुपये की राशि प्रदान की जायेगी तथा विद्यालय 11th कक्षा की पढ़ाई में लगने वाली सभी पुस्तकें उन्हें भेंट करेगी। सम्मानित होने वाले भैया बहनः - 1. साक्षी चौबे, ब्रजेश कुमार चौबे 95.6%, 2. निशीबाला चौबे, शशि मोहन चौबे 93.4%, 3. प्रिया कुमारी, मनोज पाल 93% आर्यन विभूति, पारस विभूति 93%, 4. माही राज, आनंद प्रसाद 92.8%, 5. मुस्कान कुमारी, गोरखनाथ गुप्ता 92.6%, 6. आरूषी कुमारी, जितेंद्र प्रसाद 92.2%, 7. शिवराज प्रसाद, ज्वाला प्रसाद 91.8%, 8. मुस्कान सिंह, राकेश सिंह 91.6%

9. रागिनी कुमारी, धीरज कुमार 91.4%, ज्योति प्रिया, ऋषिकांत प्रसाद गुप्ता 91.4%, 10. पलक पांडे, श्याम नाथ पांडे 91.2%।

इन सभी भैया बहनों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सभी वाहन चालकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वाहन चालकः- मुकेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार सिन्हा, राजा तिवारी , अनूप कुमार, मुस्लिम, गौरव कुमार, बसंत यादव, कमलेश यादव, मिथिलेश कुमार, कमलेश कुमार श्रीवास्तव। वे हर परिस्थिति में बच्चों को विद्यालय में ससमय व सुरक्षित लाते और ले जाते है। इस कार्यक्रम में अभिभावक राकेश कुमार सिंह, युवराज प्रसाद, प्रभादेवी, उमा सिंह, सुजाता देवी, जितेंद्र कुमार, मनोज पाल आचार्य कौशलेंद्र झा, नेहा आदि उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार ने मां चतुर्भुजी के चरणों में टेका माथा



केतार (आजाद सिपाही)। सुप्रसिद्ध मां चौरभूजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार अपने धर्मपत्नी के साथ मंदिर में मां का दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत दर्शन मंदिर परिसर का भ्रमण किया। सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार ने कहा कि यहां आने के बाद सुख की अनुभूति हुई। यह मंदिर पौराणिक के साथ साथ यह मनोरम स्थल है।यहां का वातावरण शुद्ध के साथ साथ साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। साथ ही उन्होंने मंदिर विकास समिति के सभी लोग सराहना किया। वहीं मंदिर विकास समिति के लोग मां का प्रतिमा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर गढ़वा सीआरपीएफ कमांडेंट, मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहु, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव हेमंत पाठक, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
08

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुट्टा पंचायत के गाजेडीह गांव में पंचदिवसीय श्री श्री 108 चंडी महायज्ञ सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा और संगीतमय भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाला गया। गाजेडीह से चलकर गाजेडीह मन्दिर में यज्ञाचार्य के द्वारा मंत्रोच्चारण के द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत जोगीडीह, नगडी, बदाल, जगनीडीह, कलीडीह, पचमौह, महेश्वरनाथ मंदिर के समीप सकरी नदी में उत्तरायण जल भरकर 201 कलश के साथ गाजेडीह स्थित मां भगवती मंदिर स्थित यज्ञ वेदी स्थित पूजास्थल पर कलश को स्थापित किया गया। यह अनुष्ठान रविवार को भंडारा के साथ समापन होगा। वाराणसी से चलकर आये यज्ञाचार्य पंडित लखन पांडेय और अन्य ब्राह्मणों के द्वारा यह महायज्ञ संपन्न किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं लगातार 5 दिनों तक गीत संगीत और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रहेगी। इस संबंध में यज्ञाचार्य पंडित लखन पांडेय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 3 दिनों तक वाराणसी से पधारे कथावाचिका दीदी मां नमर्देश्वरी जी के द्वारा प्रवचन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के पूर्व मुखिया मथुरा प्रसाद यादव, राजेश यादव, आकाश यादव, विपुल यादव, कुलदीप यादव, प्रदीप यादव, पप्पू यादव, राजेश भगत, रंजीत यादव, अरुण यादव, मिथिलेश यादव, गुरुचरण साव, मुकेश यादव, भुनेश्वर यादव, हेमराज यादव ने अहम भूमिका निभाई।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत तक की छूट



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के प्रशासक शशि शेखर सुमन ने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट, वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट, स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट, आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट और दिव्यांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी। यदि बिना कार्यालय गये होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं जिसमें 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा इसके बाद वार्ड नंबर और होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जायेगा। 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन और मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए इवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बतायी गयी हर बात का बारीकी से अध्ययन करने और उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक स्वीप कोषांग कोडरमा के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूर्नामेंट कोडरमा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 4 मई 2024 को झुमरीतिलैया स्थित सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया जायेगा। दिनांक 4 मई 2024 को पूर्वाह्न 6.30 को पुरुष वर्ग में ग्रुप ए अंतर्गत चाराडीह और मॉरियम के बीच मैच खेला जायेगा। वहीं ग्रुप बी अंतर्गत मंडुवाटांड और करियावां के बीच पूर्वाह्न 8.30 को मैच खेला जायेगा। दिनांक 4 मई 2024 के पूर्वाह्न 7.30 को महिला वर्ग में ग्रुप ए' अंतर्गत ढाब और खरखार के बीच मैच खेला जायेगा, वहीं ग्रुप बी अंतर्गत डोमचांच और थाम के बीच पूर्वाह्न 9.30 को मैच खेला जायेगा। दोनों ग्रुप के विजेता टीम का फाइनल मैच 4 मई 2024 को खेला जायेगा। जिसमें पुरुष वर्ग का फाइनल मैच अपराह्न 5.30 और महिला वर्ग का फाइनल मैच अपराह्न 4.30 को खेला जायेगा।

## बोल्डर लदे हाइवा में लगी आग

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के नवलशाही-देवीपुर मुख्य मार्ग स्तिथ अंबा नदी पुल के समीप एक बोल्डर लदा हाइवा में अचानक आग लगने से हाइवा गाड़ी जलकर नष्ट हो गया। उक्त हाइवा सीमावर्ती जिला गिरिडीह से बौल्डर लाद कर ग्रामीण सड़क धोबियाडीह की ओर से देवीपुर के रास्ते क्रेशर मंडी की ओर आ रहा था। इसी क्रम में गाड़ी का अगला पहिया अत्यधिक गर्मी होने के कारण ब्लास्ट हो गया जिससे अचानक आग उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते पूरा गाड़ी जलने लगा। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने सशस्त्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पानी टंकी मंगवाकर आग बुझाने का प्रयास किया।

## पत्रकार उपेंद्र मालाकार की पुण्यतिथि पर समारोह



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार के सातवीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार ऊग्रसेन गिरी की अध्यक्षता में एयरटेल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय मालाकार के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता जीवन के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय मालाकार एक निर्भीक और निडर पत्रकारिता करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उजागर करते रहते थे। इस अवसर पर पत्रकार ऊग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिंहा, अशोक शर्मा, पिंटू कुशवाहा, विकास रंजन, संजय राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

### हजारीबाग में भाजपा फिर दोहरायेगी जीत या कांग्रेस करेगी वापसी

# जम कर पसीना बहा रहे हैं मनीष और जेपी पटेल, मतदाता खामोश

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड का हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भारत की चुनावी राजनीति में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिनमें बरही और बड़कागांव कांग्रेस के कब्जे में हैं वहीं, रामगढ़ आजसू के पास। मांडू विधानसभा के भाजपा विधायक जेपी पटेल अब कांग्रेस में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन गये है। जबकि हजारीबाग के भाजपा के सदर विधायक मनीष जायसवाल एनडीए उम्मीदवार हैं। दोनो उम्मीदवार के लगातार जनता के बीच जनसंपर्क चलाने से इस सीट पर जोरदार मुकाबला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हर ओर एक ही चर्चा है की हजारीबाग लोक सभा सीट पर भाजपा फिर जीत दोहराएगी या कांग्रेस वापसी करेगी। हजारीबाग की जनसांख्यिकी विविधताओं से भरी है और चुनावी नजरिये से यह झारखंड के लोक सभा क्षेत्रों में रोचक और अहम है। इस निर्वाचन क्षेत्र में विगत 2019 के लोक सभा चुनाव में 64.83% मतदान हुआ था। इस आम चुनाव में हजारीबाग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा से मनीष जायसवाल और इंडियन नेशनल कांग्रेस से जय प्रकाश भाई पटेल प्रमुख उम्मीदवार हैं। ऐसे तो हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र पर भाजपा का कब्जा रहा है, मगर जब जब विपक्षी दल मिल कर लड़े हैं भाजपा को मुश्किल में डाला है। हजारीबाग झारखंड राज्य के चौबीस जिलों में से एक है। इसका क्षेत्रफल 3,555 वर्ग किमी है। इस सीट से मंत्री जयंत सिन्हा सांसद रहे हैं। उनके पिता यशवंत सिन्हा भी इसी सीट से सांसद और मंत्री रह चुके हैं।

साल 1962 और 1967 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बसंत नारायण सिंह ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 1968 के उपचुनाव में कांग्रेस के मोहन सिंह ओबरॉय ने जीत हासिल की थी। साल 1971 के चुनाव में कांग्रेस के दामोदर पांडेय ने बाजी मारी थी। साल 1977 और 1980 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के बसंत नारायण सिंह ने जीत दर्ज की थी।





**2019 का जनादेश**

बीजेपी के जयन्त सिन्हा 7,28,798 वोटों से जीते
कांग्रेस के गोपाल प्रसाद साहू 2,49,250 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे
सीपीआई के भुबनेश्वर प्रसाद मेहता 32,109 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे

**2014 का जनादेश**

साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब 15.18 लाख थी, जिनमें 8.12 लाख पुरुष और 7.06 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। बीजेपी के जयन्त सिन्हा को 4,06,931 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह 2,47,803 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे और आजसू के लोकनाथ महतो 1,56,186 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## झापा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को करेंगे नामांकन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

## चुनाव जागरूकता को लेकर बैठक




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ चुनाव जागरूकता को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव के संचालन में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाना और चुनाव में अधिक से अधिक वोटर को भाग लेने से संबंधित विचार विमर्श किया गया। वहीं बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको उत्साह के साथ शामिल होकर अधिक से अधिक वोट करना चाहिए। वही कृषक मित्रों को शपथ भी दिलाया गया। मौके पर पंचायत सेवक कैलाश कुमार, रवि रंजन, टुकलाल नायक, उतीम महतो, गोपाल प्रसाद के अलावे दर्जनों कृषक मित्र उपस्थित थे।

## सड़क मरम्मत में भारी अनियमितता ग्रामीणों ने किया विरोध



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा एन एच 2 से चेचकप्पी होते हुए रोसा तक सड़क विशेष मरम्मती कार्य में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों के शिकायत पर बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया आबास अंसारी सड़क निर्माण कार्य को निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा किया गया शिकायत सही है, सड़क निर्माण काम रही सिद्धार्था कंपनी के द्वारा घटिया तरीके से काम कर रही है। इस दौरान कम गिट्टी, चिप्स का मिश्रण, कम मात्रा में सीमेंट का प्रयोग और बालु के जगह डस्ट मिलाकर पीसीसी किया जा रहा है। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि पहले ही विभाग के अधिकारियों को इस घटिया काम करने पर सूचना दी गयी थी लेकिन इसके बाद भी यह कंपनी बिना रोक टोक के काम कर रही है। इसलिए इस सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच हो अन्यथा यहां के ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अबुआ आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है जबकि इस कंपनी ने सैकड़ों ट्रैक्टर बालू डंप कर लिया है। इस बाबत सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी सरयू राणा और संतोष पाण्डेय ने बताया कि हम कंपनी के वर्कर हैं हमें जो मटेरियल उपलब्ध होगा उसी से काम करेंगे। उसने बताया कि पीसीसी के सिमेंट का उपयोग कम मात्रा में किया जा रहा है। इस बाबत जेई रत्नेश कुमार से पुछे जाने पर बताया कि पीएमजीएसवाई सड़क में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उसकी जांच कर पुनः तोड़ कर बनाया जायेगा। इसके लिए विभाग की टीम जांच बहुत जल्द करेंगी।

# हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए अधिसूचना आज, 3 मई तक भरे जा सकेंगे नामांकन

**26 अप्रैल से 3 मई (27-28 अप्रैल अवकाश) तक अभ्यर्थी अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं**

**समाहरणालय भवन परिसर की 200 की परिधि तक धारा 144 लागू रहेगी**

**भवन में सरकारी वाहनों को छोड़ कर कर अन्य वाहनों का प्रवेश वर्जित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र आज से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल्ला के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 और 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है। वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी और उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे और पैदल प्रवेश करेगें। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते है जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक होगी।



# सतगावां में स्कूली वाहन पलटा, आधा दर्जन बच्चे घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के माथाखैरा के समीप गुरुवार को स्विफ्ट डिजायर वाहन की चपेट में आने से स्कूल के बच्चों को ले जा रहा टोटो पलट गया। इससे आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये। घायलों में अमित कुमार 10 वर्ष, रिया कुमारी 7 वर्ष, सुमित कुमार 12 वर्ष, तीनों के पिता सुनील प्रसाद यादव, रितेश कुमार 11 वर्ष पिता रामस्वरूप प्रसाद यादव, सौरव कुमार 10 वर्ष, निशांत कुमार 11 वर्ष, दोनों के पिता अरविंद प्रसाद यादव, तथा दीपांशु कुमार 10 वर्ष पिता बाबूलाल यादव, सभी ग्राम महथाखैरा गांव का बताया गया है। घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए अभिभावकों ने गोविंदपुर सदर अस्पताल ले गये। जिसमें गंभीर स्थिति को देखते हुए सुमित कुमार, रिया कुमारी और रितेश कुमार को नवादा रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने स्कूल वाहन और स्विफ्ट डिजायर जे एच 09ए एक्स 0706 को सतगावां थाना ले गये।



## सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गुरुवार सुबह 6:00 बजे चमगढ़ा पुल के पास हाई स्पीड में आ रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके कारण बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विष्णु कुमार टंडवा प्रखंड का रहने वाला बताया जाता है। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। घायल विष्णु शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपना ससुराल राजधनवार जा रहा था। बताते चले की उक्त घटनास्थल पुल के पास दर्जन भर से अधिक बार मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिसमें पुलके नीचे गिर जाने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। चालकों को इस सड़क पर नियंत्रण में वाहन चलाने की आवश्यकता है। ताकि अपने आप को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सके।**

## राहुल गांधी की न्याय गारंटी के लिए चुनावी बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में राहुल गांधी की न्याय गारंटी के दौरान हजारीबाग लोकसभा चुनावी बैठक कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी इशिता सेढा, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी मेहुल प्रसाद, जिला प्रभारी गालिब इकबाल, प्रदेश महासचिव नितीश सिन्हा शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी इशिता सेढा ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस की 25 गारंटी और 5 न्याय के बारे में डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। और हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के समर्थन में वोट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगे। बैठक के दौरान पप्पू कुमार, ओमप्रकाश, मनोहर यादव, साबिर अली, अमित पासवान, जैकी कुमार, रितेश तिवारी, बाबर, शुभम जायसवाल, सोनू, मोहन कुमार, मंजीत यादव, मोहसिन, मनीषा टोप्पो, संतोष यादव, शहजादा तामील, विजय यादव, अभिषेक आनंद, बबनी, शोएब आदि वरिष्ठ कांग्रेस जनों में मनोज नारायण भगत, निशार खान, अजय गुप्ता, दरोगा अंसारी, जावेद, विजय सिंह, डॉ वसीम आदि उपस्थित थे।

### समर्पण और गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स की प्रेस वार्ता, कहा

# कोडरमा जिले में शादी का 67 फीसदी बाल विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** हमारा संविधान बच्चों सहित सभी को सम्मानपूर्वक जिंदगी जीने का अधिकार देता है। पर, यह अधिकार तब छिन जाता है जब किसी की शादी कम उम्र में कर दी जाती है। इससे बच्चों का मौलिक अधिकार का हनन होता है, इसे समझना हम सभी का कर्तव्य है। आशा संस्था की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स के प्रतिनिधि इंद्रमणि साहू ने कहा कि बाल विवाह एक वैश्विक और सामाजिक मुद्दा है इसकी रोकथाम को लेकर काम जारी है। गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स 100 से ज्यादा देशों में कार्य कर रही है। इसकी रोकथाम में मीडिया, सरकार और स्वैच्छिक संगठनों का अहम योगदान है। यदि हम सभी सच्चे मन से चाह लें तो देश और दुनिया से जल्द ही बाल विवाह व बाल मजदूरी जैसे मुद्दे समाप्त हो जायेगी। सामाजिक कार्यकर्ता पूनम साहू ने कहा कि बाल विवाह करना कानूनी अपराध की श्रेणी में है। बावजूद जिले में कानून को ताख पर रखकर बाल विवाह हो रहा है। वर्तमान में जिले में 67 फीसद विवाह बाल विवाह है। इस आंकड़े के अनुसार राज्य में कोडरमा का स्थान तीसरा है। जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां एवं डोमचांच में यह प्रतिशत 82 से भी ज्यादा है। यह घोर चिंता का विषय है। समर्पण के सचिन कुमार ने बाल विवाह से बच्चों में होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करना बेहद जरुरी है। समर्पण संस्था के आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सभी को बच्चों के प्रति गंभीर रहने और उनके अधिकारों की जानकारी रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड और जिला में ढिबरा कारोबार बंद होने के बाद यहां बाल विवाह, बाल यौन उत्पीडन, बाल तस्करी जैसी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। मौके पर पिंकी देवी, प्रभाकर कुमार दास, मनीषा मेहता, वीणा कुमारी, सुनीता कुमारी, मंगलदेव रजक, बिमला देवी, उमेश कुमार, दीपक कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार सिंह, रजनी राणा आदि उपस्थित थे।




## पति के लापता होने पर दिया आवेदन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हरली गांव निवासी रीता कुमारी पति बसंत कुमार ने बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए अपने पति बसंत कुमार को खोजबीन करने की बात कही है। आवेदन में है कि मेरे पति का रीता टेंट हाउस है और अभी शादी के लग्न में हमारे पति महंगाई कला और महंगाई खुर्द के चार जगह पर टेंट लगाये हुए हैं। पत्नी ने कहा कि 24 मई को लगभग 12:00 अपने पति के मोबाइल नंबर 99059 24913 पर बात हुई उसके बाद रात में कॉल किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। उसके बाद सुबह मैंने अपने रिश्तेदारों के घरों में भी पता किया तो कुछ पता नहीं चला। आगे पत्नी रीता देवी ने बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मेरे पति को खोजने का आग्रह करे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा लोस सीट से 17 प्रत्याशियों ने किया नामांकन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जहां मतदाता अपना नेता चुनने के लिए अब तैयार दिख रहे हैं, वहीं 12- लोहरदगा (अ०ज०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। चुनाव आयोग के निर्धारित तिथि के अनुसार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल घोषित थी जो गुरूवार को पूरी हो गयी। नामांकन के पहले दिन से अंतिम समय तक कुल 17 उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है। एक जिसमें भाजपा के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत, निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा काफी चर्चा में हैं। फिलहाल 17 उम्मीदवारों के मैदान में कूद जाने से मतदाता भी हैरान हैं। लेकिन शुक्रवार को स्क्रुटनी की प्रक्रिया और फिर नाम वापसी के बाद ही यह तय होगा कि अंततः कितने प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में दांव आजमायेंगे।

### उम्मीदवार और पार्टी के नाम

1.महेंद्र उरांव-सीपीआई पार्टी, 2. मनी मुंडा-भागीदारी पार्टी, 3. स्टेफन किंडो- स्वतंत्र, 4.बिहारी भगत-पीपीआई, 5. सनिया उरांव- स्वतंत्र, 6. पवन तिग्गा- स्वतंत्र, 7.मरियानूस तिग्गा - भारत आदिवासी पार्टी, 8. समीर उरांव - भाजपा, 9. रामचंद्र भगत - लोकहित अधिकार पार्टी, 10. चमरा लिंडा - स्वतंत्र, 11. गिरजानंद उरांव - बहुजन समाज पार्टी, 12. ललित उरांव - बहुजन मुक्ति पार्टी, 13.अर्जुन टोप्पो - आजाद समाज पार्टी, 14.सुखदेव भगत - कांग्रेस पार्टी , 15. अर्पण देव भगत - स्वतंत्र, 16. रंजीत भगत - स्वतंत्र, 17. एतवा उरांव -स्वतंत्र।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कुडू (आजाद सिपाही)। जिला मलेरिया नियंत्रण समिति के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू अंतर्गत प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुडू में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मलेरिया, उसके लक्षण, उपचार और बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी, नितीन कुमार गुप्ता, रामनरेश भगत, रोशन टोप्पो उपस्थित थे।

## दुर्गम क्षेत्र में चलाया गया मतदाता अभियान

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कम मतदान प्रतिशत वाले दुर्गम क्षेत्र पेशरार प्रखंड अंतर्गत मनहे पाट, चापरोंग, होनहे इत्यादि ग्रामों में जिले के स्विप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के साथ बैठक करके पोस्टर पंपलेट मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। उन्हें 13 मई 2024 को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। घर-घर जाकर पारंपरिक शैली में हल्दी चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान केंद्र में आकर वोट देने का निमंत्रण दिया गया।

## लावापानी जलप्रपात से गिरने से युवती घायल

लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार प्रखंड के लावापानी जलप्रपात पर्यटन स्थल में घूमने आयी युवती गिरकर घायल हो गयी। युवती की पहचान गुमला के रायडीह निवासी छोटा नगेसिया के 18 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी के रूप में किया गया है। वह लोहरदगा के पेशरार में आयोजित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आयी थी। लावापानी जलप्रपात घूमने चली गयी, जहां झरना के पानी में पैर स्लिप कर गया, जिससे वो गिर गयी और घायल हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को लोहरदगा सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि पेशरार के लावापानी जलप्रपात पर्यटन स्थल में घूमने आये सैलानियों के द्वारा सावधानी नहीं बरतने की वजह से घटना हो रही है।

## लोहरदगा के नौ खिलाड़ी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने दिल्ली रवाना




**उपायुक्त ने दी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा मान्यता प्राप्त स्टेयर्स फाउंडेशन के बैनर तले 27 से 30 अप्रैल तक नई दिल्ली के इंद्रा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन प्रतियोगिता में शामिल होने लोहरदगा के 9 खिलाड़ी दिल्ली रवाना हुए। एक बार पुनः एक वर्ष के लिए स्टेयर्स फाउंडेशन के द्वारा कराटे स्टेट हेड कोऑर्डिनेटर बने जिला कराटे संघ लोहरदगा के संस्थापक अमित कुमार सिंह की अगुवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से अंडर 16 आयुवर्ग में कुडू से प्राची कुमारी, कुमकुम कुमारी, और 13 आयु वर्ग में सोनिका कुमारी, सिमरन कुजूर, और प्रतिभा यादव हैं प्रखंड कैरो से 16 आयुवर्ग में कशिश कुमारी एवं 19 आयुवर्ग में पंकज ठाकुर तथा प्रखंड सेन्हा के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा से आयुवर्ग अंडर 15 वर्ष में निर्मला कुमारी और अंडर 19 वर्ष में अंचल कुमारी दिल्ली रवाना हुए। अमित सिंह ने बताया कि इस खेल प्रतियोगितायें में होगी देश के करीब 5000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई और विजयी भव का आशीर्वाद दिया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष राजु उरांव, कोषाध्यक्ष चंद्रगुप्त महली आदि मौजूद रहे।

# लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना की मांग को जोरदार तरीके से उठाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा इस बार का लोकसभा चुनाव में रोजगार विहीन गुमला और लोहरदगा जिला के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना शीघ्र बने जिससे हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठायी जायेगी। लोहरदगा लोकसभा स्तरीय 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण तथा कृषि आधारित रोजगार सृजन जैसी रोजगार देने वाली मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी की जा रही है। केंद्र व राज्य सरकार बॉक्साइट आधारित अल्युमिनियम कारखाना गुमला लोहरदगा जिला सीमांत पर बने इसके लिए चिंतित नहीं है। यही कारण है कि लाल सोना गुमला लोहरदगा के क्षेत्र में होते हुए भी इस क्षेत्र से हजारों की संख्या में बेरोजगारों व मजदूरों का पलायन होते रहा है। वहीं मानव तस्करी का शिकार होने को भी बेरोजगार और नाबालिग लड़के लड़कियां विवश है । विभिन्न सत्ताधारी पार्टी महिला उत्पीड़न रोकने तथा रोजगार यहां के महिलाओं मजदूरों और बेरोजगारों को मिले इसके लिए कभी भी चिंतित नहीं रहे। जबकि भाजपा सहित विभिन्न पार्टियों का लोकसभा और विधानसभा में इस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व रहा है। 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी विशेष रणनीति बनायी जायेगी। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में करीब 600 बूथ में झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े हजारों समर्थक हैं। समर्थन लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत सवालों को हल करने वाला प्रत्याशी को जायेगा

# डीएवी गुमला के 11 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जेईई मेंस की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के 11 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया है। इन सभी विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यालय के हर्षित हर्ष ने 96.77, मनोहर महतो ने 96.33, शिल्पी कुमारी ने 90.11, दिव्या कुमारी ने 85.12, अनमोल केसरी ने 84.53, आयुष गुप्ता ने 83.7, अनंत कुमार ने 80.37, अविनाश गुप्ता ने 80.23, प्रियांशु साहु, नेहा खेस ने 69.94, अनुष्ठा एस टोप्पो ने 62.36 परसेंटाइल के साथ जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।

प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था तथा लगातार प्रयास के कारण यह सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों के सहयोग, विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। साथ ही कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष विनय कुमार लाल, शिक्षक पवित्र कुमार मोहंती, रंथु साहु, मनोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## भाई लापता, बड़े भाई ने कराया सनहा दर्ज




चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा थाना क्षेत्र के कुडू बरवाटोली गावं के रमेश सारंगी पिता सुरेश सारंगी जिसका रंग गोरी सवाला, लंबाई लगभग 5 .8 फिट है ।जो की दिनांक 22-04-2024 सुबह 8:30 को घर से रांची के लिए दुकान का सामान लेने के लिए निकले थे। लेकिन शाम तक घर नहीं लौटने से उनके पास फोन करने लगे लेकिन उनका फोन भी बंद पाया गया। तभी से घर वाले ने सभी रिश्तेदार को फोन कर के पता करने लगे लेकिन कही पता नहीं चल पाया। जिससे घर वाले काफी परेशान हो गये हैं। जिसके बाद 24 अप्रैल को चंदवा थाना को लिखित आवेदन देते हुए। तथा थाना को अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाया।

## नगर परिषद ने की प्याऊ की व्यवस्था



सिमडेगा (आजाद सिपाही)। नगर परिषद जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कुछ जगह पर घड़ा रखकर प्याऊ की व्यवस्था करायी है। जिससे गर्मी मे घर से शहर आये प्यासे को पीने की पानी का सुविधा मिलेगा। नगर परिषद कीआंखें जिले में पड रही कड़ाके की भीषण गर्मी के बीच प्यासे को तो राहत देगी किंतु इसका भी देखभाल के लिए जिम्मेवारी तय होनी चाहिए, जिससे नियमित रूप से चौक चौड़ाहे पर रखे गए घडो में पानी भरा जा सके। साथ ही जानवरों के लिए भी पानी की प्याऊ की सहज व्यवस्था हो, इसके लिए नगर परिषद को पहल करनी चाहिए क्योंकि जिले में पाडा:40 के पार है वह सामाजिक व्यक्तिगत स्तर पर इन दोनों जिले में प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है ऐसे में जानवरों के लिए भी प्याऊ की व्यवस्था नगर परिषद को ही देखनी चाहिए।

## मोबाइल चोरी कर एक लाख की राशि की कर ली निकासी

**साइबर क्रिमिनल अपना रहे नये-नये हथकंडे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा ।** साइबर क्राइम के नये-नये हथकंडे साइबर क्रिमिनल अपना रहे हैं। साइबर क्रिमिनल का तार अब पॉकेट मारो से जुड़ गया है पॉकेट मार लोगों का पॉकेट से मोबाइल चुरा कर साइबर अपराधी को दे रहे हैं। साइबर अपराधी चोरी के मोबाइल से विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर बैंक खाता से राशि का ट्रांजैक्शन करते हुए देखने को मिल रहा है। साइबर क्रिमिनल मोबाइल चोरी कर बैंक अकाउंट से यूपीआई बनाकर यूपीआई के आधार से राशि का स्थानांतरण कर रहे हैं। एक ऐसा ही मामला भंडरा में घटित हुआ है, भंडरा निवासी शत्रुघ्न साहू का मोबाइल मंगलवार साप्ताहिक बाजार से चोरी हो गया। चोरी हो जाने के बाद 4 घंटे बाद शत्रुघ्न साहू के द्वारा मोबाइल नंबर को बंद करवा दिया गया, परंतु साइबर अपराधी इतने कम समय में ही यूपीआई बनाकर 1 लाख 5 हजार का ट्रांजैक्शन कर लिए और मोबाइल चोरी हो जाने से राशि ट्रांजैक्शन का मैसेज शत्रुघ्न साहू को नहीं मिला, जिसके कारण उसे इस साइबर क्राइम की जानकारी नहीं हो सकी। शत्रुघ्न साहू मोबाइल चोरी की घटना को मामूली घटना सोचकर नंबर बंद करवा कर निश्चित था। शत्रुघ्न साहू के द्वारा बताया गया कि वह किसी तरह का यूपीआई नंबर वगैरह का खाता संचालन नहीं करता है। उसका खाता का संचालन केवल चेक से होता है, इसलिए वह निश्चित था। परंतु घटना के तीसरे दिन वह चोरी गये नंबर का मोबाइल चालू किया, तो उसके मोबाइल पर 1 लाख 05 हजार का बैंक ट्रांजैक्शन का मैसेज आया, तब उसे पता चला कि वह उसका बैंक अकाउंट से साइबर अपराधी ट्रांजैक्शन कर रहे हैं। वह तत्काल अपने बैंक अकाउंट को फ्रिज करवाया और इसकी सूचना साइबर थाना को दिया। शत्रुघ्न साहू के अनुसार वह बैंक अकाउंट का ट्रांजैक्शन केवल चेक से किया करता था। इसलिए उसे यह पता नहीं था कि किसी अन्य माध्यम से उसका खाता का संचालन होगा। परंतु साइबर अपराधी मोबाइल में फोटो खींचकर रखा हुआ चेक, आधार कार्ड और पैन कार्ड का प्रयोग कर यूपीआई बनाने में सफल हुए और बैंक अकाउंट से राशि का स्थानांतरण कर लिये।

# तीन दिनों से घूम रहे हैं गवाह, सेशन कोर्ट में एपीपी कर रहे हैं काम

**लातेहार स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में तीन दिनों से नहीं है कोई पीपी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जजशीप में सरकार का पक्ष रखने वाले पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी)का पद पिछले दो वर्षों से रिक्त पड़ा है। एक एपीपी अशोक कुमार दास के सहारे लातेहार जजशीप के विभिन्न 18 अदालतों में काम पिछले दो सालों से हो रहा है। पिछले तीन दिनों से श्री दास भी अवकाश पर हैं। बताया जाता है की अवकाश जाने के पूर्व श्री दास ने गृह विभाग को रक्षित लोक अभियोजक को यहां सेशन कोर्ट में काम करने के लिए भेजने की अपील किया था, लेकिन उनके इस अपील पर कोई सुनवाई नहीं हुई और रक्षित लोकअभियोजक को भी यहां नहीं भेजा गया।

बड़ी मशक्कत से प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत सहित सभी सेशन अदालतों में अधिवक्ता संघ के मांग पर सहायक लोक अभियोजक को काम करने की अनुमति मिली है, तो तीन दिनों से काम चलाया जा रहा है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट की प्रभार नहीं मिलने के कारण वहां कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से प्रतिदिन दर्जनों गवाह बिना गवाही दिए वापस लौट रहे हैं। बताया जाता है कि गृह विभाग को प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास ने कई पत्राचार किया है, वहीं स्थानीय अधिवक्ताओं ने लोक अभियोजक के पद पर अधिसूचित पदाधिकारी के पदस्थापन के महीनो बीत जाने के बाद भी योगदान नहीं करने पर चिंता व्यक्त किया है।

मालूम हो पलामू के लोक अभियोजक का स्थानांतरण लातेहार जिला लोक अभियोजक के पद पर लगभग 6 माह पूर्व हुआ है, लेकिन वे अभी तक अपना योगदान नहीं दिये हैं। आधा दर्जन लोक अभियोजक का पद यहां सृजित होने के बावजूद भी पोस्टिंग सरकार नहीं कर रही है। गृह विभाग बिल्कुल शांत बैठा हुआ है।

### क्या कहते हैं अधिवक्ता

अधिवक्ता सुनील कुमार का इस संबंध में कहना है कि सेशन कोर्ट में नामित लोक अभियोजक के नहीं रहने की वजह से सरकारी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत यहां एपीपी काम कर रहे हैं। पद स्थापित पदाधिकारी के योगदान नहीं करने पर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जो घोर मनमानी का द्योतक है।

# घटिया सड़क निर्माण करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**एक से डेढ़ इंच पीसीसी ढाल कर बिचौलियों और अधिकारी निकाल लिये सारे पैसे।**

**मामला प्रखंड के कोपे पंचायत के दुंबी गांव का है।**

**योजना स्थल पर नहीं लगा है योजना कार्य का बोर्ड**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** प्रखंड के कोप पंचायत अंतर्गत दुमबी गांव में 15वीं वित्त की राशि से की गयी पीसीसी सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया कार्य करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण कलिंदर घासी ने बताया कि कोपे पंचायत के मुखिया के द्वारा ग्राम दुंबी में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। जहां पहले से बने इट का खड़ंजा रोड में लगभग 1 इंच ढलाई किया गया है। कलिंदर घासी ने बताया कि हम लोग को बताया गया कि इतना ही सरकारी एस्टीमेट है इससे ज्यादा ढलायी नहीं किया जा सकता है। उक्त कार्य स्थल पर किसी प्रकार का कोई योजना संबंधी बोर्ड नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कौन इस कार्य में अध्यक्ष है और कौन सचिव इसका भी हम लोग को पता नहीं है। यह कार्य भटको को गांव के बिचौलिया कलाम अंसारी के द्वारा कराया गया है।

**क्या कहते हैं पंचायत सेवक :** पंचायत सेवक से इस विषय पर पूछे जाने पर कोपे पंचायत के पंचायत सेवक भिखू प्रसाद ने कुछ बताने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि अभी क्षेत्र में है कुछ नहीं बता सकते हैं। वहीं इस विषय पर पूछे जाने पर कनीय अभियंता फूलदेव उरांव ने बयाया की पुराना ईट सोलिंग रोड में पीसीसी पथ बनाया गया है लेकिन जैसे ही मुझे जानकारी मिली की वहां ईट सोलिंग पहले से है, तो हम पीसीसी का लंबाई बढ़ावा दिये हैं। रही बात 1 इंच से डेढ़ इंच ढलाई का यह गलत हुआ है। कम से कम 5 से 6 इंच ढलाई करना है।

# मिशन बदलाव टीम अदिम जनजाति मजदूर के मामले को लेकर चेन्नई पहुंची

**मिशन बदलाव के भूषण भगत और बंधन उराव ने कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मुवाजा विषयों को लेकर चर्चा किया**

**मुवाजा नहीं मिलने की स्थिति में लेबर कोर्ट के माध्यम से मुवाजा दिलाया जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आपको बताते चले की लगभग 1 साल पहले घघरा प्रखंड के सुदूरवर्ती चूल्हामाटी के पलायन मजदूर आदिम जनजाति समाज के पवन कोरवा के मामले को लेकर चेन्नई पहुंचा, पवन कोरवा चेन्नई स्तिथ ब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नागापेटा आंधप्रदेश के एक निजी कंपनी में कार्यरत था और कार्य के दौरान मिक्सर मशीन के हुए हादसे में उसकी जान चली गयी और कंपनी के ठेकेदार ने मिशन बदलाव के कॉर्डिनेट से रुपये 50000 का सहयोग दाह संस्कार के लिए दिया गया, लेकिन कार्यरत ब्रिक्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कोई भी मुआवजा नहीं दिया गया। मिशन बदलाव की टीम उसके शरीर वापसी लाने से लेकर उनके मुआवजे को लेकर श्रम अधीक्षक गुमला से लेकर राज्य स्तरीय पदाधिकारी तक विभिन्न माध्यमों से बातों को अवगत कराया और जिला प्रशासन की ओर से से डेढ़ लाख रुपये का सहयोग दिलाया गया, एकलौता पुत्र होने के वजह से आज उनके परिवारों को जीविकोपार्जन को लेकर बहुत चिंतित है, आज चेन्नई स्थित श्रीवेल्लूर में मृतक के परिवारों के साथ मिशन बदलाव के भूषण भगत, बंधन उरांव के नेतृत्व में कंपनी ह्यूमन रिसोर्स पदाधिकारी और सहायक प्रबंधकों के साथ बैठक हुई, मिशन बदलाव टीम ने सभी बातों को अवगत कराते हुए मृतक परिजनों के लिये 1 करोड़ 23 लाख का मुआवजा की मांग किया और कंपनियों के प्रतिनिधि के समक्ष सभी मांगो रखा गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन देते हुए स्पष्ट कहा कि कंपनी के जनरल मैनेजर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर और मैनेजमेंट के साथ बैठक करके मुआवजा संबंधित जो राशि को अवगत करायेगा। मिशन बदलाव के भूषण भगत और बनधन उरांव ने कहा कि कंपनियों के द्वारा बैठक के उपरांत कोई सकारात्मक निर्णय नही लेने की दशा लेबर कोर्ट में कंपनी के विरोध मुवाजा को लेकर याचिका दायर करेगा और मृतकों परिजनों को मुआवजा मिले उसको लेकर कानूनी लड़ाई लड़ेगा।

## धनबाद का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता : अनुपमा सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन की धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने गुरुवार को जमकर जन संपर्क अभियान चलाया। इसकी शुरूआत सुबह नौ बजे जामाडोबा जीतपुर बस्ती से कलश यात्रा में शामिल होकर ली। जहां उन्हें खूब स्नेह और आशीर्वाद मिला। इसके बाद निरसा विधानसभा क्षेत्र के एगारकुंड प्रखंड के गोपालपुरा पंचायत, काली पहाड़ी पूरब पंचायत पोटाडीहा आदिवासी गांव कुमारधुबी चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में जगह-जगह अनुपमा सिंह का स्वागत अभिनंदन किया गया। अनुपमा सिंह ने कुमारधुबी गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेक कर आशीर्वाद भी लिया। जहां सिख समाज ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और भरोसा दिलाया कि जनता का आशीर्वाद मिला तो धरातल पर विकास करके दिखायेंगीं। इस दौरान चिरकुंडा चौक में अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। विभिन्न जगहों पर अपने संबोधन में अनुपमा सिंह ने कहा कि आज मात्र 4 साल में ही कांग्रेस की झारखंड में गठबंधन की सरकार व्यापक पैमाने पर जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। मौके परक ही शिविर लगाकर लाभ भी दिया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति योजना से वंचित ना रह जाए। कहा कि झारखंड में हमारी सरकार ने पंचायत को प्राथमिकता दी। साथ ही योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक, सामाजिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जुटी है। हाल ही में हमारी सरकार ने 55 करोड़ रुपये की लागत से झारखंड के सबसे लंबे निरसा से जामताड़ा को जोड़ने वाली बारबेंदिया पुल का शिलान्यास किया जो विकास का जीता जागता उदाहरण है। इस दौरान उन्होंने भाजपा की पिछली सरकारों पर भी जमकर जुबानी हमला किया।

## जपला एके सिंह कॉलेज में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

# लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता निभायें अपनी जिम्मेदारी : गौरांग

आजाद सिपाही संवाददाता



रैली में शामिल एलआरडीसी, सीओ, बीडीओ व अन्य।

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना जपला एके सिंह कॉलेज एवं हुसैनाबाद स्वीप कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर गोद लिए हुए गांव देवरी कला पंचायत के कोइरियाडीह में समाप्त हुआ। शत प्रतिशत मतदान को लेकर एलआरडीसी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ रोशन कुमार व कॉलेज प्रबंधन के लोगों ने मतदाताओं के बीच लोकतंत्र के महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेवार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जागो जागो हे मतदाता ... तुम भारत के भाग्य विधाता। युवा हो तुम देश की शान... जागो उठो करो मतदान जैसे नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार सिंह, प्रो सुनील कुमार सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो सुदीप कुमार सिंह, प्रो हरेंद्र कुमार सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो राहुल कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, धनंजय कुमार सिंह, एनएसएस स्वयंसेवकों, अन्य छात्र- छात्राएं, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेइइ मेंस परीक्षा में सफलत होकर गौतम और सुप्रिया ने किया क्षेत्र का नाम रोशन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जेइइ मेंस परीक्षा में गौतम कुमार ने प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक निवासी व्यवसायी सुनील कुमार एवं सबिता देवी के पुत्र गौतम कुमार ने जेईई मेंस में 99.41 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। गौतम ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा बुन पब्लिक स्कूल, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय से हुई है। सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ शिक्षकों के सहयोग को दिया है। गौतम ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक मेहनत बेकार नहीं जाती है। इसके लिए सतत मेहनत करने की जरूरत है। वहीं, पुत्र की सफलता पर सुनील कुमार ने कहा कि वह अपने कार्यो के प्रति शुरू से ही सजग रहा है। वहीं, गांधी चौक निवासी संतोष कुमार व प्रियंका गुप्ता की पुत्री सुप्रिया कुमारी ने इस परीक्षा के प्रथम प्रयास में ही सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षण शहर के श्री मां बाल विकास विद्यालय व पोलडीह उच्च विद्यालय से प्राप्त की है। उसने सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। उनकी इस सफलता पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, शैलेश कुमार, देवनाथ राम, समाजसेवी मनोज शर्मा, सचिन आनंद, वीरेंद्र कुमार, दिनेश कश्यप, अविनाश कश्यप, अजित अग्रवाल आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विधायक ने किया भक्ति जागरण का उद्घाटन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के बोरोदिरी ग्राम में श्री रुद्र महायज्ञ और शिव प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बुधवार के रात विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भक्ति जागरण का उद्घाटन किया। इस दौरान महायज्ञ कमेटी के लोगों ने विधायक को सम्मानित किया। वहीं, विधायक ने नवनिर्मित शिव मंदिर में पूजा पाठ कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ होने से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही गांव में देवी देवता का वास होता है और पूरे गांव में सुख-शांति, एकता व आपसी प्रेम मिलता है। मौके पर जिला परिषद पति मुकेश सिंह चंदेल, रोशन सिंह, लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, विजय सिंह, सुमन सिंह, उमेश सिंह, अजय रवि, अशोक रवि, राजन कुमार सिंह, अशोक रवि, अनुज कुमार रवि, शुभम कुमार सिंह, पप्पू सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह और अनु कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें : सीता राणा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में धनबाद जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने झरिया के हनुमानगढ़ी में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत को लेकर गुरुवार को जन संपर्क अभियान चलाया। झरिया प्रखंड अध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व में जन संपर्क किया और महिलाओं से अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर सीता राणा ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। जानता को अब झूठे सपनो पर भरोसा नहीं है। देश की जनता को अब कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा है। कांग्रेस ने देश में वास्तविक विकास किया जिसे झूठ से दबाया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान बुजुर्गों को पेंशन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य की भरपूर सुविधा मिलेगी। इसलिए झूठे वादों पर नहीं, बल्कि सत्य के साथ कांग्रेस को वोट देना है। महिला कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए कमर कस लें। झरिया में सभी बूथों पर जन संपर्क अभियान चला कर लोगों को जागरूक कर कांग्रेस के पक्ष में वोट कराने की भी बात कही गई। इस मौके पर जिला सचिव हेमंती जायसवाल, नूतन विश्वकर्मा, मुस्कान खातून, लक्ष्मी देवी, जानकी देवी, आरती व गुड़िया देवी आदि मौजूद थीं।

## पलामू लोकसभा निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक ने डीसी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न कोषांगों के नोडल अधिकारियों की बैठक।

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव के लिये 13 मई को मतदान होना है। इसी क्रम में चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन से कुल नामांकन की जानकारी ली। बताया गया कि कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले की संख्या, पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी ली। वे ईवीएम रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टाफ का रेंडमाइजेशन आदि से भी अवगत हुई। इसके अलावे उन्होंने नामांकन के सभी वीडियो रेकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधितों को आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुरूप व आरओ हैंडबुक में दिये गये मैनुअल्स के अनुसार ही सभी कार्य करने पर बल दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वाहन के धक्के से वृद्ध महिला की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन के धक्के से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान रामकली देवी (65) के रूप में हुई है। वह बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना अंतर्गत तेतराही ग्राम की रहने वाली थी। वह अपने पति शिवप्रसाद ठाकुर के साथ पीपरा थाना क्षेत्र के ही अपने मायके ग्राम बभंडी भाई बिगन ठाकुर के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो शिवप्रसाद ठाकुर और उनकी पत्नी रामकली देवी दुबटिया मोड़ पर एक सवारी गाड़ी से उतर कर राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी एक अज्ञात वाहन ने रामकली को धक्का मार दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद पीपरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी बीमल कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की धक्के से महिला की मौत हुई है। कानूनी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेज दिया गया है।

## नगर में कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता के इशारे पर विकास की राशियों की हो रही लूट : अरविंद

**नगर के विकास में खर्च होने वाली राशी से सरकारी आवासीय कालोनी में बनाया गया है पेबर्स ब्लॉक रोड और सोख्ता, लोगों में आक्रोश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** नगर चुनाव के पांच साल बीत जाने के बाद भी छतरपुर नगर का हाल बदहाल है, जिसकी कोई सुनने वाला नहीं। अधिकारी और कर्मी मौन हैं और लोग नगर का चक्कर लगा कर परेशान हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी की मनमानी से लोग खासे परेशान हैं। लोगों ने कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता को तत्काल हटाने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि इलाके में नगर द्वारा लगाया गया कई सोलर जलमीनार खराब है। उसकी मरम्मति करवाने वाला कोई नहीं है। जल संकट है लेकिन नगर के वार्डों में टैंकर से जल वितरण नहीं हो रहा है। चापानल खराब पड़े हैं कोई बनवाने वाल नहीं है। नए बनाये गए सभी शौचालय बेकार पड़े हैं, जपला मोड़ पर हालिया दिनों लगा 'आई लव छतरपुर' का लाइट बोर्ड खराब हो गया। हाई मास्ट लाइटें खराब हैं। दर्जनों स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। टेम्पो और बस स्टैंड शुरू नहीं हो सका, जबकि ऑटो स्टैंड का टेंडर तक निकाल दिया गया है। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं कोई क्वालिटी कंट्रोल नहीं है। नगर में विकास योजनाओं में हो रही लूट के लिए कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता मुख्य रूप से जिमेवार हैं। इस संबंध में अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि जबसे कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता का पदस्थापन छत्तपुर में हुआ है विकास योजनाओं में लूट बदस्तूर जारी है। ऐसा लगता है कार्यपालक अधिकारी ने भी ठीकेदारों को लूट की छूट दे रखी है। नगर के पैसे से प्रखंड कार्यालय में स्थित आवासीय कालोनी में पेबर्स ब्लॉक सड़क और सोख्ता बना दिया गया है जो गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला है। सभी जगह लूट मची है। यहां तक की पीएम आवास के लाभुकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। जो पैसा दे रहा है उसके किस्त डाले जा रहे हैं अन्यथा कार्यालय के चक्कर लगाते रहिये। कई दफा हमने कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन दे कर कर समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था लेकिन स्पष्ट लगता है कि उन्होंने ही ठीकेदारों, दलालों, बिचौलिये और कर्मियों को नगर पंचायत में लूट की छूट दे रखी है। अरविंद ने कहा कि ऐसे अकर्मण्य और भ्रष्ट कार्यपालक अधिकारी और कनिय अभियंता को अविलंब नगर पंचायत से हटाने की आवश्यकता है। अगर जल्द ही दोनों को नगर पंचायत से नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन होगा और नगर की जनता ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को नगर से खदेड़ देगी।

### समारोह में जा रहे युवक की पीपरा में मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** फरके की बीमारी से ग्रसित जपला थाना क्षेत्र के लंगर कोट गांव के रहने वाले मृत्युंजय कुमार सिंह की गुरुवार को पीपरा थाना क्षेत्र के कलीपुर गांव में मौत हो गई। वह शराब का अत्यधीक सेवन करता था। इस दिन वह पीपरा थाना क्षेत्र के दमुवा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। तभी कलीपुर गांव में लड़खड़ाते हुए पहुंचा। ग्रामीणों ने अंजान व्यक्ति समझ कर पूछताछ के बाद पानी और खाना दिया। ग्रामीणों ने बताया की युवक नस्से में धूत था। खाना देने पर फेंक कर जमीन पर गिर गया और पांव घिसटने लगा। इस दौरान वार्ड सदस्य सुल्दीप पासवान ने पुलिस और 108 पर एम्बुलेंस को फोन किया। तबतक युवक की मौत हो गयी थी। बाद में 108 एम्बुलेंस से हरिहरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सीएससी प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि युवक फारका का मरीज था और तपती धूप में चलने के वजह से अचानक फारका आने से वह विक्षिप्त हो गया। वहीं, मृतक के बड़े भाई विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह ही पीपरा थाना क्षेत्र के दमवा गांव शादी समारोह में शामिल होने गया था। उसे शराब पीने की लत थी। हो सकता है कि खाली पेट शराब पी होगी।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् के अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन विद्यालय कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें विद्यालय के हेड बॉय कृष कुमार कक्षा-बाहरवीं, हेड गर्ल पूजा भारती कक्षा- 12वीं और स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर बॉय आदित्य राज सिंह, स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर गर्ल श्रुति रानी आदि ने प्राचार्य को सम्मानित किया। सभी सदनों के चयनित कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान, लिटरेरी कप्तान और कल्चरल सचिव को हाउस मोडरेटर एवं को-ऑर्डिनेटर द्वारा बैज और सैसे प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# स्पोर्ट्स



**पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगीं।**

## एशियाई अंडर-22 व युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति पवार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर बिस्माह मारूफ ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

**पेशावर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि, वे लीग क्रिकेट खेलती रहेंगी। पाक ऑलराउंडर ने गुरुवार को पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। मारूफ का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर 17 साल का रहा। उन्होंने 2006 (विमेंस एशिया कप) में भारत के खिलाफ जयपुर में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। वहीं आखिरी मुकाबला इसी महीने 23 अप्रैल को वेस्टइंडीज विमेंस के खिलाफ खेला। बतातें चलें कि बिस्माह ने अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 136 वनडे और 140 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वनडे में उन्होंने 29.55 की एवरेज से 3369 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 21 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं बॉलिंग उन्होंने वनडे में 4.00 की इकोनॉमी रेट से 44 विकेट लिए है। इसके अलावा टी-20 इंटरनेशनल में 27.55 की औसत से 2658 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 12 हाफ सेंचुरी लगाए है। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 36 विकेट झटके हैं। बिस्माह ने 34 वनडे में कप्तानी किया। इसमें 16 में जित मिली। वहीं बतौर कप्तान 62 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलीं, जिसमें 27 में जीत मिली। वहीं, इस दिन एक रिलीज में खेल से संन्यास लेने के फैसले न पीसीबी का धन्यवाद किया।

## रांची में पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 30 से

**युवा खिलाड़ियों का दिखेगा हुनर और रोमांच का मिश्रण**

आजा सिपाही संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन होगा। यह 9 मई तक खेला जायेगा, जिसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। इस संबंध में गुरुवार को हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग महिला खिलाडियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। लीग का चरण-एक रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक होगा, जो भारत में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा।

### हॉकी लीग में इन टीमों की भागीदारी

हॉकी लीग में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर, ओड़िशा की टीम शामिल होगी। सभी एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। बतातें चलें कि युवा प्रतिभाओं के निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

## मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें: प्रभास कुमार



स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** लोकसभा चुनाव 2024 के स्वीप एक्टिविटीज के तहत मतदादता जागरूकता अभियान को लेकर सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना के 12 नंबर स्थित काली मंदिर में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें नोडल अधिकारी एलआर डीसी चास प्रभास दत्ता, नोडल अधिकारी सीएसआर एवं जिला आपदा अधिकारी शक्ति कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने किया। इस दौरान सभी अधिकारी, कर्मी और यूनियन प्रतिनिधिओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ ली। एलआर डीसी प्रभास कुमार ने कहा कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है। मतदान कर आप लोकतंत्र को मजबूत करें। 25 मई को गिरिडीह लोकसभा का चुनाव है। उस दिन पहले मतदान करें उसके बाद अन्य कार्य करे। वहीं, सीएसआर एवं जिला आपदा अधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि जिनका मतदाता सूची में नाम है और वोटर कार्ड नहीं है। वो ड्राइविंग लाइसेंस, पास्टपोर्ट, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त पासबुक, पेंशन दस्तावेज, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, अधिकारी पहचान पत्र, दिव्यांग पहचान पत्र से अपना वोट दे सकते है। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग मताधिकार का उपयोग करें। 26 अप्रैल को मतदाता सूची में एंट्री करवाने की अंतिम तारीख है। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया है। सभी से आग्रह है कि मतदान के दिन अवकाश के रूप में ना लेकर इस पर्व के रूप में ले। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस क्षेत्र से शत प्रतिशत मतदान होगा। वहीं, सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रण लेना है कि 25 मई को चाहे कोई भी परस्थिति आ जाय हमें अपना मताधिकार का उपयोग करना है। इसके लिए एक-एक लोग 10-15 लोगों को जागरूक करें और मतदान केंद्र तक लेकर आए। अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कहा कि सभी से आग्रह किया गया है कि 25 मई को सभी मजदूर, अधिकारी, कर्मी उत्साह के साथ मतदान में शामिल हो। अपने पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए मताधिकार का प्रयोग करें और एक अच्छे जनप्रतिनिधि को चुने। मौके पर जीएम ऑपरेशन अमिताभ तिवारी, एएडीओसीएम पीओ कुमार राजेश सत्यार्थी, पिछरी पीओ डीसी राय, एसओपी प्रतुल कुमार, एसओसी उज्जवल कुमार सिंह, एएफएम राजीव कुमार, एसओ एक्स यूके पासवान, सेल अधिकारी बैधनाथ कुमार, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, यूनियन प्रतिनिधि कैलाश ठाकुर, विकास सिंह, कुंज बिहारी प्रसाद, भीम महतो आदि थे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई, जो सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, सलाहकार रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार आदि थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए धनबाद, गोमो और कोडरमा स्टेशनों पर किया जा रहा जल वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष सह मंडल रेल प्रबंधक केके सिन्हा के निर्देश व वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद, गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसे पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स, रोवर, रेंजर्स एवं लीडर्स ने मिलकर हर संभव अपना अपना योगदान दे रहे हैं। विगत एक हफ्ते से धनबाद, गोमो और कोडरमा स्टेशन पर आने-जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल दिया जा रहा है। वहीं, यात्रियों ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस नेक कार्य की सराहना की। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में उनके द्वारा लिया गया संकल्प बहुत नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है।

### आरोप : राज्यपाल और सीएम चंपाई सोरेन को भेजा स्मार पत्र

# ढुल्लू महतो ने 200 एकड़ जमीन पर किया है जबरन कब्जा : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

### जमीन को जेल से भी ऊंची बाउंड्री से घेरा

**रांची/धनबाद।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक स्मार पत्र भेजा है। इसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में लिखा है। स्मार पत्र में ग्रामीणों पर उनके द्वारा किये गये अत्याचार का संक्षिप्त ब्योरा संलग्न है। ग्रामवासी भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड़



विधायक सरयू राय।

जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। जेल से भी ऊंची दीवार बना कर बाउंड्री की गयी है।

### ग्रामीण सड़क भी घेरा

स्मार पत्र में सरयू राय ने कहा है कि एक ग्रामीण पथ को भी बाउंड्री के भीतर कर उस पर बड़ा गेट लगा दिया है। इस स्मार पत्र में ग्रामीणों के नाम सहित आंखों देखा ब्योरा दिया गया है, जो स्वतः स्पष्ट है। ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन, सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल फिलहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर हैं। उनके आने पर उनसे मिल कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे।

## अनुपमा सिंह का चिरकुंडा, कुमारधुबी व एग्यारकुंड में धुआंधार जनसंपर्क अभियान



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह का चिरकुंडा शहीद चौक पर गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। वहीं चिरकुंडा शहीद चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक अनुपमा सिंह ने लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। सबसे पहले अनुपमा सिंह ने चिरकुंडा के शहीद चौक स्थित शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। उसके बाद वहां से पैदल यात्रा करते हुए चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित अंबेडकर चौक तक गई और आम जनों से मतदान कर गठबंधन को मजबूत बनाने की अपील की। धनबाद के विकास को लेकर भी चर्चा की। कहा कि धनबाद के विकास की धीमी गति को तेज करेंगीं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि धनबाद में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। यहां के लोगों के आर्थिक विकास के साथ ही बौद्धिक व सामाजिक विकास और आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। कहा कि आम लोग उनसे जुड़े व गठबंधन के हाथों को मजबूत करें। मौके पर उनके साथ युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, सुनिता सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा से रंजीत बाउरी, कांग्रेस से गैरूल हसन, जिप सदस्य गैरूल हसन, सोनू खान, बबलू शर्मा, प्रकाश ओझा, उपेंद्र यादव, हरे राम यादव, विक्रम यादव,मो आरिफ,मो फिरोज, राजकिशोर पासवान आदि थे। वहीं अनुपमा सिंह को टेंपो स्टैंड कमेटी वालों ने माला पहनकर कर उनका अभिनंदन किया।

## ढुल्लू महतो ने निरसा में चलाया धुआंधार जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** धनबाद लोकसभा केंद्र से भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसकी शुरुआत कलियासोल प्रखण्ड के दलदली आश्रम श्रीश्री गोकुलानंद मठ में पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद लेदाहरिया, डुमरिया, कलियासोल, मैथन, पतलाबाड़ी, तिलतोरया, उपचुरिया, उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली, धोबारी, बड़ा आममोना क्षेत्रों में लोगों से मिले और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही हरि नाम संकीर्तन में भी शामिल हुए। तिलतोरिया में चल रहे सप्ताहांत भागवत कथा में भी पहुंचे और वृंदाबन से आये कथावाचक परम पूजनीय श्रधेय देवकीनंदन जी महाराज का आशीर्वाद लिया। मैथन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। दूसरी ओर, घटवार समाज के लोंगों ने ढुल्लू महतो का स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई दी ।

## हर भारतीय को मतदान करने के अपने अधिकार पर गर्व होना चाहिए: प्रभारी प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सह एग्यारकुंड निर्वाचन नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है। वहीं, वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अभिभावकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं, मतदान के दिन सब परिवार उपस्थित होकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अपना मत गुप्त रखें। बैठक में विदन मंडल, कुमारी सोना दास, पंपी खा,ज्योति कुमारी, प्रमोद कुमार झा, सीमा देवी, गुड़िया देवी, बिंदु बाउरी, साधना बाउरी, उत्तरा बाउरी, पूजा देवी, लक्ष्मी मोदी, ललिता देवी, लालती देवी, तुलसी कोडा, प्रमोद राव, जमुनाबाउरी आदि मौजूद थे।

### शशि भूषण तिवारी के आवासीय कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की बैठक

# प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में करेंगे चुनाव प्रचार : संयुक्त मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में उपस्थित संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि।

**एग्यारकुंड।** ट्रेड यूनियन के संयुक्त मोर्चा की बैठक गुरुवार को शशि भूषण तिवारी के आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक इसीएल रीजनल कमेटी कार्यकारी अध्यक्षता शशि भूषण तिवारी ने की। इस अवसर पर सभी ट्रेड यूनियन के नेताओं ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक लोगों के समक्ष पहुंच कर प्रचार प्रसार किया जाए। पूर्व दिग्गज नेता कोयला मजदूर के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्र वधू अनुपमा सिंह पढ़ी लिखी और धनबाद की लड़की है। वहीं, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के केंद्रीय समिति उपाध्यक्ष श्यामल सरकार ने कहा कि अनुपमा सिंह का मायका धनबाद हैं। यही पली बढ़ी और शिक्षा ग्रहण किया। वे साथ सुथरी छवि वाली महिला प्रत्याशी हैं। मजदूरों के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्र वधू और वर्तमान में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह की पत्नी है। यूनियन के कार्यपद्धतियों की समझदारी से कार्य करने में सहयोग किया करती थी। इसलिए यह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी के रुप में सबसे अच्छी प्रत्याशी हैं। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, अंजनी त्रिपाठी, डीवीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह, कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास, गणेश धर, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## धनबाद में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा की ओर से मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके तहत बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय दुधिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगापाडा में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में सभी अभिभावकों को 25 मई को अपने मत का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वही, आमटाल उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय मे अभिभावक-शिक्षक द्वारा शपथ लेकर बैठक के माध्यम से लोकसभा चुनाव 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के बूथ संख्या- 508, 271, 252, 234, 282, 172, 170, 240, 240, 241, 242, 243, 273, एवं 212 के स्कूल एवं घर-घर जाकर स्वीप कार्यक्रम किया गया एवं मतदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया। सेल कोलियरी में कार्यरत कर्मी एवं आस-पास के सदस्यों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाकर शपथ ली गई। इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों की ओर से विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम और शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



बड़कागांव(उरीमारी) थाना यु0डी0 काण्ड सं0–03/24, दि0–04.04.2024 के आलोक में अज्ञात शव बड़कागांव(उरीमारी) थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दामोदर नदी जाने वाले रास्ते से मैग्जीन कैम्प के बगल से बरामद किया गया। बरामद शव के बारे में पहचान नही हो सका है। **हुलिया:–लम्बाई–5 फिट 4 इंच लगभग, रंग–सांवला, बाल–काला, काला रंग का फुल पैन्ट एवं सफेद सर्ट, पैर में हरा रंग का जुता, अंदर में सफेद रंग का गंजी पहने हुआ है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव (उरीमारी)/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–

अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430113311

थाना प्रभारी बड़कागांव(उरीमारी), हजारीबाग :– 6200807007

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

**PR 324103 Police(24-25)#D**



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गुमला का कार्यालय**

e-mail→observercellg@gmail.com

**आम सूचना**

12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में Mr. K.D. Kunjam, IAS-2009 (Obs. Code G-23534) General Observer की नियुक्ति की गई है।

Mr. K.D. Kunjam, सामान्य प्रेक्षक का दिनांक–24.04.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक स्थानीय परिसदन, गुमला के "नागफेनी" कमरे में आवासित हैं।

आम नागरिक/सभी राजनीतिक दल सामान्य प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में अपराह्न 3.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक मिलकर अपनी बातों को रख सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक का मोबाईल No.- 9431970361 है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR.NO.324090 Election(24-25):D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**(निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

**E-MAIL eemchazaribag@gmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक–16.03.2024 के लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोशणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्ष आचार संहिता लागू कर दी गई है। आयोग के निदेशानुसार जिला स्तर पर एक **शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर** (Complaint Monitoring Control Room and Call Centre) का गठन कर दिया गया है। यह नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग मजार के पास 24X7 प्रचालित है। इस नियंत्रण कक्ष–सह–कॉल सेन्टर का टॉल फ्री दूरभाष संख्या–**1800 345 6595** है।

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु उपरोक्त टॉल फ्री दूरभाष संख्या पर अपना शिकायत दर्ज रिकार्ड करा सकते है।

नोडल पदाधिकारी
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324105 Election (24-25)_D

## अंगुल और चेंडीपदा विलय उत्सव में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा

# सत्ता मिली तो बीजू हेल्थ कार्ड लागू करेंगे

धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में शिक्षाविद् महेश चंद्र धल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भक्ति प्रसाद दास, जिला परिषद सदस्य मीरा गडनायक और सैकड़ों समर्थक भाजपा में शामिल हुए





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनी तो ओड़िशा समेत पूरे भारत में विकास तेज होगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को अंगुल और चेंडीपदा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित अलग-अलग विलय उत्सव में भाग लेते हुए यह बात कही। अंगुल में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित विलय उत्सव में प्रमुख शिक्षाविद् महेश चंद्र धल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भक्ति प्रसाद दास, जिला परिषद सदस्य मीरा गडनायक सहित बीजू जनता दल के सैकड़ों समर्थक केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। इसी तरह, चेंडीपदा निर्वाचन क्षेत्र के तूबे पंचायत के डेरेजांग गांव में अलग-अलग विलय उत्सव में कई सामाजिक स्तर के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने सभी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ओड़िशा में बदलाव की जिम्मेदारी लेने वाली पार्टी में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा चुनाव की लड़ाई उड़िया अस्मिता, स्वविमान और उड़िया संस्कृति की लड़ाई होगी। उड़िया अस्मिता का अर्थ है सभी को उनके मौलिक और उचित अधिकार देना। उड़िया अस्मिता का अर्थ है सभी के लिए स्वच्छ पेयजल और अच्छी स्वास्थ्य सेवा का प्रावधान करना होगा। प्रधान ने आगे कहा कि बीजू जनता दल नेता कह रहे हैं कि अगर वह खुद या बीजेपी सत्ता में आयी, तो बिजू हेल्थ कार्ड बंद कर दिया जायेगा। इसलिए बीजू हेल्थ कार्ड के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजना को भी ओड़िशा में लागू किया जाना चाहिए।

ये हमारा दावा है। जब बीजेपी सत्ता में आयेगी तो दो मोदी हेल्थ कार्ड और बीजू हेल्थ कार्ड चलाने की व्यवस्था करेगी। अंत में, प्रधान ने कार्यकर्ताओं से ओड़िशा और देश में डबल इंजिन लाने के लिए अथक प्रयास करने का आह्वान किया है।

### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अनिमेष को दी बधाई



भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अंगुल दौरे के दौरान उनकी मुलाकात अंगुल जिले के गौरव अनिमेष प्रधान से हुई। यूपीएससी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा-2023 परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल करने वाले तालचेर के अनिमेष प्रधान से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। वह हमारे अंगुल जिले और तालचेर का गर्व और ओड़िशा का गौरव हैं। प्रधान ने कहा कि दृढ़ संकल्प और एकाग्रता के बल पर विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने जो सफलता हासिल की है, वह युवाओं को प्रेरित करेगी।

## एम्स भुवनेश्वर ने हीट स्ट्रोक के मरीजों के प्रबंधन के लिए विशेष इकाई शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में चल रही भीषण गर्मी के जवाब में, एम्स भुवनेश्वर ने एक समर्पित हीट स्ट्रोक यूनिट की स्थापना करके हीट स्ट्रोक के मामलों में संभावित वृद्धि को संबोधित करने के लिए सक्रिय उपाय किए हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए इस इकाई की आवश्यकता पर जोर दिया। आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित और विभिन्न विभागों के डॉक्टरों से सुसज्जित इस इकाई का उद्देश्य सनस्ट्रोक से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित और प्रभावी उपचार प्रदान करना है। डॉ बिस्वास ने जनता को सलाह दी कि जब भी संभव हो सीधी धूप के संपर्क में आने से बचें




और बाहर निकलने पर छाता, गीला तौलिया और पानी की बोतल ले जाने जैसे एहतियाती उपाय करें। आयुष विभाग के भीतर स्थित हीट स्ट्रोक यूनिट में छह बिस्तर हैं और यह पिछले सप्ताह से चालू है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा ने बताया कि यूनिट पहले ही पंद्रह से अधिक मरीजों का इलाज कर चुकी है। हीट स्ट्रोक के मामलों की रणनीति बनाने और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए जनरल मेडिसिन, ट्रॉमा और इमरजेंसी और आयुष विभागों के प्रमुखों की एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गयी। जनरल मेडिसिन के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीकांत बेहरा को हीट स्ट्रोक यूनिट का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दवाओं और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है, और चिकित्सा कर्मचारी किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहते हैं। एम्स भुवनेश्वर सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और व्यक्तियों से अत्यधिक गर्मी के इस अवधि के दौरान अपनी भलाई को प्राथमिकता देने का आग्रह करता है।

### न्यूज रील्स

#### सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बौध कंटामाल थाना पढेल बांध के पास जंगल में मुठभेड़। इस मुठभेड़ में दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है। पढेल बांध के पास सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच एक घंटे से ज्यादा समय तक गोलीबारी हुई। हालांकि, मिली जानकारी के मुताबिक, जंगल में 40 से 50 माओवादियों के छिपे होने की खबर मिलने पर एसओजी जवान द्वारा कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू किया गया। जवान को देखकर माओवादियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उसे देखते ही जवान ने करारा जवाब दिया। इस कॉम्बिंग ऑपरेशन में दो माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में हथियार और माओ सामग्री भी जब्त किया गया है। गुइंदा निदेशक सौमेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि और भी माओवादियों के छिपे होने की आशंका के चलते सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

आवश्यकता

आर्य बाल उच्च विद्यालय
नयानगर बरकाकाना, रामगढ़ - 829103 (झारखण्ड)
पंजीयन सं.- 43/001325

शिक्षक नियुक्ति हेतु विज्ञापन

| क्रम. सं. | विषय शिक्षक | शैक्षणिक योग्यता | शिक्षकों की संख्या | आवेदन / शैक्षणिक प्रमाणपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | TGT | 01 | 07/05/2024 |
| 2 | संस्कृत | TGT | 01 | 07/05/2024 |
| 3 | अंग्रेजी | PRT | 01 | 07/05/2024 |
| 4 | गणित | PRT | 01 | 07/05/2024 |
| 5 | सभी विषय पढाने हेतु | PRT | 02 | 07/05/2024 |
| 6 | गार्ड / चपरासी | INTERMEDIATE | 01 | 07/05/2024 |

भावदीय
(प्रधानाध्यापिका)
आर्य बाल उच्च विद्यालय, नयानगर बरकाकाना

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहसिन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव अधिकारियों से मुलाकात की

# पांडियन का कार्यकलाप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा डाल रहा है : समीर

आजाद सिपाही संवाददता



**भुवनेश्वर।** वह किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं हैं, न वो सांसद और न ही विधायक। पार्टी का कोई नेता भी नहीं। वह बीजू जनता दल के एक साधारण सदस्य हैं। सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के एक साधारण सदस्य वीके पांडियन को पुलिस शिविर में रखा जा रहा है और उनके लिए एक विशेष हेलीपैड बनाया जा रहा है। पांडियन को इतनी जेड श्रेणी की सुरक्षा किस आधार पर दी जा रही है। राज्य के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और गृह सचिव ने जेड श्रेणी की सुरक्षा क्यों और किसके आदेश पर प्रदान की है नेतृत्व कर रहे पांडियन से लोग इतना क्यों डरते हैं बीजेडी के एक छोटे कार्यकर्ता पांडियन को इस तरह की सुरक्षा प्रदान करना चुनाव की आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। पांडियन से तुरंत सुरक्षा वापस ली जानी चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति ने मांग की है कि राज्य निर्वाचन अधिकारी के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदेश में मुख्यमंत्री गायब हो गये हैं। वीडियो कॉल के जरिए शासन चल रहा है। वीके पांडियन, जो मुख्यमंत्री के गुमास्ता हैं रिमोर्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को परिचलित कर रहे हैं। महांति ने कहा कि पांडियन की गतिविधियां स्वतंत्र, मनमाने और निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रही हैं। कहा गोपालपुर के विधायक प्रदीप पाणिग्राही अगर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को वोट नहीं देते हैं तो उनका भी यही हाल होगा। उसे झूठे मामलों में जेल भेजा जायेगा।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9206624569

# भाजपा से मिलीभगत, देश से कलकत्ता हाइकोर्ट को हटा देना चाहिए : अभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा-भाजपा ने क्रिकेट में मैच फिक्सिंग की तरह कोर्ट फिक्सिंग की है**

**कोलकाता।** टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा से कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की मिलीभगत है। इसलिए हाई कोर्ट को देश से हटा देना चाहिए। एसएससी भ्रष्टाचार को लेकर हाई कोर्ट के फैसले को लेकर अभिषेक बनर्जी यह मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने क्रिकेट में मैच फिक्सिंग की तरह कोर्ट फिक्सिंग की है। अपनी योजना के मुताबिक हाई कोर्ट के न्यायाधीश एक के बाद एक फैसले सुना रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। **अभिषेक ने कहा कि** 5,000 नौकरी पाने वालों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। फिर 20,000 से ज्यादा लोगों की नौकरियां क्यों जायेंगी उन्होंने कहा कि जो जज एसएससी मामले की सुनवाई कर रहे थे, वे अब भाजपा के उम्मीदवार हैं। जब वह जज थे तो भाजपा उनके संपर्क में थी और वह भी भाजपा के संपर्क में थे। अभिषेक ने यह भी कहा कि कोर्ट का कहना है कि कुछ लोगों को पैनल के बाहर से नौकरियां मिलीं, इसलिए पूरा पैनल ही अमान्य है। फिर उस तर्क के अनुसार एक जज भाजपा में शामिल हो गये यानि सारे जज भाजपाई हो गये। अभिषेक ने भाजपा के साथ उच्च न्यायालय के संबंध को समझाने के लिए विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और ओंडा से भाजपा विधायक अमरनाथ शाखा द्वारा की गयी टिप्पणियों को सामने लाया। उन्होंने कहा कि सुवेंदु ने कहा था कि सप्ताह की शुरूआत में विस्फोट होगा।

हाई कोर्ट का फैसला भी सप्ताह की शुरूआत में आया। क्या यह सब संयोग है ओंडा के भाजपा विधायक ने कहा है कि 30 अप्रैल तक 59 हजार और लोगों को नौकरी जायेगी। अभिषेक ने आश्वासन दिया कि तृणमूल किसी भी योग्य शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अपनी नौकरी खोने नहीं देगी।

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING | MEDICAL | FOUNDATION
11th 12th & 12th Pass | 11th 12th & 12th Pass | 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो! समाधान भी है!
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष एवं गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# सम अल्टीमेट को जेसीआइ प्राइम मान्यता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और रोगी सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, उन्होंने सफलता का एक और कदम उठाया है। गुरुवार को अस्पताल को ज्वाइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआई) प्राइम मान्यता प्राप्त हुई। अस्पताल परिसर में अग्रणी चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी बेक्टन, डिकिंसन एंड को (बीडीए) के सहयोग से मान्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ओड़िशा के पहले अस्पताल के रूप में, सम्मम ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है और 98.4 प्रतिशत की अनुपालन दर हासिल की है। सम्मम के सीईओ डॉ श्वेतपद्मा दास ने अस्पताल के तरफ से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर अस्पताल की नर्सिंग टीम, फामेर्सी टीम, विभिन्न विभागों के प्रमुख, बीडी इंडिया और साउथ एशिया मेडिकल अफेयर्स लीडर डॉ पंकज राइना और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। जब 2022 में अस्पताल में जेसीआई प्राइम कार्यक्रम शुरू किया गया था, तो संक्रमण नियंत्रण विभाग, नर्सिंग टीम, फामेर्सी टीम, इन-पेशेंट सेवा टीम और गुणवत्ता प्रबंधन टीम ने अस्पताल के शीर्ष अधिकारियों के समर्थन और पर्यवेक्षण के साथ मिलकर काम किया। इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम के साथ, 'इनवेसिव फंगल इन्फेक्शन आईसीयू' और 'इन्फेक्शन कंट्रोल केयर बंडल' पर दो शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गये। इन दो सत्रों में सम्मम के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ आनंद मिश्र और डॉ अरुण रथ ने विस्तृत जानकारी दी।

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूला का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**